# अभ्यास पुस्तिका

## हिंदी

कक्षा 3



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर, छत्तीसगढ़


मुर्गी के
तीन चूजे


न

# बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता विकास अभियान

(2024–2025)

## अभ्यास पुस्तिका

कक्षा–3

मेरा नाम

______________________

**संरक्षक**

**राजेन्द्र कुमार कटारा** आई.ए.एस.

**संचालक**

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़**

**मार्गदर्शक**

श्री जे.पी. रथ

अतिरिक्त संचालक

**सलाहकार**

श्री के. कुमार, संयुक्त संचालक

पुष्पा किस्पोट्टा, प्राध्यापक

**समन्वयक**

विद्या डांगे

**सहायक समन्वयक**

डॉ. जयभारती चंद्राकर

**लेखन**

पुष्पा शुक्ला, प्रमिला सोनवानी, कविता कोरी, भावना सिंह, विनय साहू

**विशेष सहयोग -** **लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एल.एल.एफ.)**

**सहयोग -**
- **अजीम प्रेमजी फाउंडेशन**
- **रूम टू रीड**

**टंकण एवं ले-आउट डिज़ाइनिंग**

एल.एल.एफ., कुन्दन लाल साहू, इंद्र कुमार गंजीर, लक्ष्मीकांत सेन, हिमांशु वर्मा

# प्राक्कथन

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (FLN), निपुण भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मकता विकास अभियान' की शुरुआत की गई। इस अभियान का उद्देश्य है कि प्राथमिक कक्षाओं में बच्चे विद्यालय के शुरुआती तीन वर्षों में बुनियादी पठन–लेखन और संख्यात्मक कौशल में निपुणता हासिल कर सकें।

हिन्दी भाषा–शिक्षण का स्कूली शिक्षा में एक अहम स्थान है। सीखने–सिखाने की प्रक्रिया से संबद्ध सभी लोगों के लिए यह संवाद का माध्यम है। निपुण भारत अभियान के तहत कक्षा 1 से 3 की हिन्दी की अभ्यास पुस्तकों से बच्चों में स्वतंत्र पठन व लेखन की बुनियादी दक्षता विकसित हो। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पाठ्य पुस्तक के साथ–साथ अभ्यास पुस्तक भी तैयार की गई हैं। अभ्यास पुस्तक में दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुरूप कक्षाओं में इसका नियमित उपयोग करना होगा।

इस अभ्यास पुस्तक को तैयार करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के द्वारा आयोजित कार्यशालाओं में शैक्षिक समन्वयकों, शिक्षकों, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन, अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन, रूम टू रीड स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।

हिन्दी भाषा की कक्षा 1 से 3 की अभ्यास पुस्तकों में संदर्भ सामग्री के रूप में विभिन्न सहयोगी संस्थानों द्वारा विकसित की गई अभ्यास पुस्तकें, अन्य राज्यों की पाठ्यपुस्तकों की रचनाएँ, 'नींव'–अधिगम संवर्धन कार्यक्रम–दुर्ग की अभ्यास पुस्तकों और एकलव्य भोपाल आदि से संदर्भ दल ने चयनित सामग्री साभार ली है। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूँ।

मुझे पूरी आशा है कि छत्तीसगढ़ के सभी बच्चों के लिए यह अभ्यास पुस्तक समझ के साथ पढ़ने–लिखने की बुनियादी भाषाई दक्षताओं को प्राप्त करने में सहायक होगी।

शुभकामनाओं के साथ...

संचालक
राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

# शिक्षकों के लिए दिशा-निर्देश

यह अभ्यास पुस्तिका 'बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता विकास अभियान' की शिक्षण रणनीति का हिस्सा है। अभ्यास पुस्तिका के इस भाग में सप्ताह (1 से 26 तक) का कार्य दिया गया है। अभ्यास पुस्तिका पर कार्य करने से पहले 'संदर्शिका' को ज़रूर पढ़ें। 'अभ्यास पुस्तिका' पर कार्य करने से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश नीचे दिए गए हैं जो एक शिक्षक के तौर पर आपके लिए मददगार होंगेः

- अभ्यास पुस्तिका में पाठ से जुड़ी गतिविधियाँ हैं और प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास के लिए पाठ हैं।
- अभ्यास पुस्तिका में दिए गए पाठों को सप्ताहवार रखा गया है। प्रत्येक सप्ताह में 6 कार्य दिवस को आधार बनाकर पाठ दिए गए हैं।
- प्रत्येक सप्ताह के छठे दिवस में एक पत्रक साप्ताहिक आकलन (मैंने सीख लिया) के लिए रखा गया है।
- प्रत्येक पाठ में पढ़ने और लिखने के लिए कई तरह की गतिविधियाँ हैं। इन गतिविधियों के स्वरूप अलग–अलग हैं, इसलिए किसी भी गतिविधि पर कार्य कराने से पहले निर्देश को एक उदाहरण देकर समझाएँ। जब सुनिश्चित हो जाए कि बच्चों ने निर्देश को अच्छी तरह समझ लिया है, तब उन्हें कार्य करने को कहें।
- कुछ पाठों की गतिविधियों के लिए निर्देश दिए गए हैं। आप उन्हें पढ़कर समझ लें ताकि गतिविधि कैसे करानी है, उसका अंदाज हो जाए।
- सप्ताह के छठे दिन अभ्यास पुस्तिका में दिए गए आकलन प्रपत्र (मैंने सीख लिया) से आकलन करवाएँ। बच्चों के प्राप्तांकों को संदर्शिका में दी गई तालिका में दर्ज करें।
- आकलन के बाद एक योजना बनाकर पुनरावृत्ति का कार्य करें। अभ्यास पुस्तिका में इसके बारे में जानकारी दी गई है।
- बच्चों के कार्य पर अपनी राय और सुझाव अवश्य दें। बच्चों को नियमित मदद और प्रोत्साहन की जरूरत पड़ती है। आप सुझाव के दौरान इनका ध्यान अवश्य रखें।
- प्रत्येक खण्ड पर काम करने के बाद, बच्चों से अंतिम पृष्ठ पर दिए गए **'मेरा सफर'** के उस पाठ संख्या के गोले में सही (✓) का निशान लगाने के लिए कहें जिस पर उन्होंने काम किया है।

इस अभ्यास पुस्तिका में अलग-अलग संकेतों (icon) का उपयोग किया गया है, जिनके माध्यम से आप दी गई जानकारियों को समझ और पहचान सकते हैं।

## कार्यपत्रक के प्रकार

पाठ

पुनरावृत्ति

साप्ताहिक आकलन (मैंने सीख लिया)

कार्यपुस्तिका ट्रैकर

## अभ्यास पुस्तिका में गतिविधियों के लिए संकेत

मौखिक बातचीत एवं चर्चा

लिखें/बनाएँ

रंग भरें

गोला बनाएँ

बच्चों द्वारा जोड़ों में कार्य

पढ़ें

सही पर निशान लगाएँ

सुनकर लिखें

## शिक्षक के लिए संकेत

शिक्षक के लिए निर्देश

........ हस्ताक्षर

....../....../...... दिनांक

## बच्चों के प्रोत्साहन के लिए संकेत

बहुत अच्छा (बच्चों के प्रोत्साहन के लिए)

बहुत अच्छा (बच्चों के प्रोत्साहन के लिए)

बहुत अच्छा (बच्चों के प्रोत्साहन के लिए)

# पाठ पर काम करवाने का तरीका ( उदाहरणः पाठ 75 )

## पहला दिन

### कहानी के चित्र और कहानी के नाम पर अनुमानः 2-3 मिनट

- सबसे पहले बच्चों से चित्र देखकर कहानी के विषय का अनुमान लगाने के लिए कहें। बच्चों के साथ कहानी के नाम और चित्र पर चर्चा करें।

### कहानी का आदर्श वाचन और विस्तृत चर्चाः 15-20 मिनट

- अब पाठ को पूरे हाव-भाव और उतार चढ़ाव के साथ पढ़कर सुनाएँ।
- बच्चों के साथ, बंद व खुले छोर के प्रश्न करते हुए विस्तृत चर्चा करें। जैसे- कालू कुत्ता किसका दोस्त था? वो कहाँ खेलते थे? तीनों दोस्तों के क्या नाम थे? अगर वो सूकी को दोस्त नही बनाते तो क्या होता? आदि।



सप्ताह 16
दिवस 3

पाठ-75

**बिल्ली और कुत्ते की दोस्ती**

एक गाँव में लूकी नाम की बिल्ली थी। कालू कुत्ता उसका दोस्त था। लूकी और कालू गाँव की गलियों में खेलते थे। एक दिन गाँव में एक सफेद रंग की बिल्ली आ गई। वह बहुत डरी हुई थी। लूकी और कालू ने उसे अपना दोस्त बना लिया। उन्होंने उसका नाम सूकी रख दिया। अब लूकी, सूकी और कालू तीनों साथ रहते हैं।

90

DD / MM / YYYY

### बच्चों द्वारा कहानी का जोड़ों में पठनः 10-15 मिनट

- अब बच्चों को जोड़ों में ये पाठ पढ़ने के लिए कहें।
- जब बच्चे जोड़ो में पाठ पढ़ रहे हों तो, बच्चों के पास जाएँ और आवश्यकतानुसार उनकी मदद करें।

### 2-3 बच्चों द्वारा कक्षा के सम्मुख कहानी को पढ़कर सुनानाः 5-7 मिनट

- जब बच्चे पढ़ चुके हों तो 2 -3 बच्चों को पूरी कक्षा के सम्मुख उस पाठ को पढ़ने के लिए कहें।

# दूसरा दिन

### पिछले दिन पढ़ी कहानी को याद दिलाना और पढ़कर सुनाना: 2-3 मिनट

- पिछले दिन पढ़ाई गई कहानी को बच्चों से पूछें कि उन्होंने कल कौन-सी कहानी पढ़ी थी।
- एक या दो बच्चों से मौखिक रूप से कहानी सुनें।
- एक या दो सवाल कहानी के बारे में पूछें।

### कहानी का आदर्श वाचन: 2-3 मिनट

- कहानी को उतार-चढ़ाव के साथ बच्चों को पढ़कर सुनाएँ।

### बच्चों द्वारा स्वतंत्र पठन: 5-7 मिनट

- सभी बच्चों को अपनी-अपनी अभ्यास पुस्तिका से पाठ को स्वतंत्र रूप से पढ़ने के लिए कहें।
- जो बच्चे पिछले दिन अनुपस्थित थे या जिन बच्चों को पढ़ने में दिक्कत हैं। उन्हें आवश्यकतानुसार पढ़ने में मदद करें।

### लेखन कार्य: 20-25 मिनट

- बच्चों को प्रत्येक गतिविधि का निर्देश दें और समझाएँ कि किस प्रश्न में क्या करना है।
- आवश्यकता पड़ने पर गतिविधि का उदाहरण दें।
- शब्द पठन के लिए शब्दों को बोर्ड पर लिखें और उन्हें पढ़ने का अभ्यास करवाएँ।

सप्ताह 16
दिवस 4

पाठ-76

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. बिल्ली की दोस्त का क्या नाम था? ..........
2. सफेद बिल्ली को देखकर लूकी और कालू ने क्या किया? ..........
3. सूकी क्यों डरी हुई होगी? ..........

तुमने कई नए दोस्त बनाए होंगे। अपने तीन सबसे पुराने और तीन सबसे नये दोस्तों के नाम लिखो।

| पुराने दोस्त | नये दोस्त |
|---|---|
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |

इन शब्दों को पढ़ो और उदाहरण देखकर किन्हीं दो शब्दों से एक वाक्य बनाओ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पत्ता | कुत्ता | बिल्ली | दिल्ली | हल्ला |
| बल्ला | सत्तर | दोस्त | रास्ता | सस्ता |

सस्ता — बाजार में सेब बहुत सस्ता बिक रहा है।
.......... — ..........
.......... — ..........

91 DD / MM / YYYY

### सुनकर लिखो: 2-3 मिनट

- निर्देश के अनुसार वाक्य का चयन कर लें।
- अब बच्चों को वाक्य बोलकर सुनाएँ।
- बोला गया वाक्य बच्चों को दोहराने के लिए कहें।
- अब बच्चों को बोले गए वाक्य लिखने के लिए कहें।
- लेखन कार्य के अंत में बच्चों के कार्य पर अपनी राय दें।

### पाठ कार्य के बाद

- बच्चों को प्रोत्साहन के लिए दिए गए आइकॉन से कोई आइकॉन दें।
- दिनांक डालें और 'मेरा सफर' में उस दिन के पाठ के लिए दिए गोले में सही का निशान लगाने के लिए कहें।

# आकलन और पुनरावृत्ति

दिवस 1 → दिवस 2 → दिवस 3 → दिवस 4 → दिवस 5 → दिवस 6

- दिवस 1–4: नई दक्षताओं/शिक्षण उद्देश्यों पर कार्य (अनौपचारिक आकलन कक्षा की गतिविधियों के दौरान)
- दिवस 5: साप्ताहिक पुनरावृत्ति
- दिवस 6: साप्ताहिक आकलन एवं रेमेडियल कार्य
  - समूह 1: रेमेडियल कार्य
  - समूह 2: स्व-अभ्यास

कक्षा-3 में हर सप्ताह आकलन (मैंने सीख लिया) के लिए एक पत्रक दिया गया है। जिस पर शिक्षक संदर्शिका में दिए गए निर्देश अनुसार कार्य करना है। 26 सप्ताह में दो प्रकार के कौशलों का आकलन किया जाना है।

- सप्ताह 1 से 10 में शब्द पठन और वाक्य पठन का आकलन करें।
- सप्ताह 11 से 26 में पाठ पढ़कर समझने के कौशल का आकलन करें।

## आकलन के आधार पर पुनरावृत्ति

आकलन के आधार पर पुनरावृत्ति का कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

**सप्ताह 1-10**

आकलन के आधार पर शिक्षकों को बच्चों के सीखने के कई स्तर मिलेंगे, शिक्षक बच्चों को सीखी गईं दक्षताओं के विश्लेषण के आधार पर दो समूहों में बाँटे:

### दो समूहों में कार्य

**समूह-1**
50% या उससे कम
(जैसे- 10 में से 5 या उससे कम, 20 में से 10 या उससे कम)

**वर्ण स्तर का कार्य**
- वर्णों/अक्षरों की दोबारा पहचान करवाएँ।
- वर्णों/अक्षरों को शब्दों में ढूँढकर गोला लगवाएँ।
- ग्रिड से वर्ण/अक्षर की पहचान करवाएँ।
- कॉपी में वर्ण/अक्षर को लिखना और गृहकार्य देना।

**शब्द स्तर का कार्य**
- ग्रिड से खोजकर शब्द पढ़ने का अभ्यास।
- वर्ण/अक्षर जोड़कर शब्द पढ़ने का अभ्यास। (शिक्षक करके दिखाएँ, फिर बच्चे करें।)
- वर्ण/अक्षर जोड़कर शब्द लिखना और पढ़ना।

**वाक्य स्तर का कार्य**
- शब्द पठन का अभ्यास करवाएँ।
- छोटे-छोटे वाक्य जोड़ें में पढ़वाएँ।

(नोट: इन बच्चों के साथ भी शब्द स्तर पर कार्य करें।)

**समूह-2**
50% या उससे अधिक
(जैसे- 10 में से 6 या उससे अधिक, 20 में से 11 या उससे अधिक)

शिक्षक इस समूह के लिए कुछ समय देकर निर्देश दें, ताकि ये बच्चे खुद इन गतिविधियों को कर पाएँ:
- डिकोडिंग खेल।
- कहानी की किताबें/ अभ्यास पुस्तिका पढ़ना।
- देखकर शब्द/वर्ण/अक्षर लिखना।

सप्ताह 11-26

आकलन के बाद बच्चों की पढ़कर समझने की स्थिति के अनुसार शिक्षक बच्चों के साथ पुनरावृत्ति पर कार्य करें। यहाँ चार मुख्य स्थितियों को ध्यान में रखकर रणनीतियाँ दी गयी हैं।

| स्थिति | बच्चों की पठन उपलब्धि | निर्धारित समूह | छठे दिन शिक्षण कार्य की रणनीति | आगे की योजना |
|---|---|---|---|---|
| स्थिति 1 | बच्चे ने 50% से अधिक शब्द सही पढ़े और कम से कम 2 प्रश्नों के सही उत्तर दिए। | समूह 2 | इन प्रश्नों के उत्तर नीचे लिखने को कहें। बच्चों को अन्य पठन सामग्री पढ़ने को दें। | इन बच्चों को कहानी की किताबें देकर कुछ बड़े पाठ पढ़ने का अभ्यास करवाएँ। |
| स्थिति 2 | बच्चे ने 50% से अधिक शब्द सही पढ़े और 1 या 0 प्रश्नों के सही उत्तर दिए। | समूह 2 | इन बच्चों की जोड़ियाँ बनायें, उन्हें अन्य पाठ पढ़ने को दें और एक-दूसरे को पढ़कर प्रश्न पूछने और जवाब देने को कहें। | मौखिक भाषा विकास और पढ़कर समझने के दौरान इन बच्चों को प्रश्नों की प्रकृति को समझने का अभ्यास करवाएँ और उनकी सहभागिता पर जोर दें। |
| स्थिति 3 | बच्चे ने 50% से कम शब्द सही पढ़े और 1 या 0 प्रश्नों के सही उत्तर दिए।<br>(अगर कोई बच्चा 25% से कम शब्द पढ़ पाता है तो उससे प्रश्न ना करें।) | समूह 1 | बच्चों के साथ शब्द पठन पर कार्य करें। इसके लिए पुनरावृत्ति योजना काम में लें। | बच्चों को अधिक से अधिक शब्द पठन के मौके दें और रोज समूह 2 के बच्चों के साथ शब्द और वाक्य पठन का अभ्यास करवाएँ। |
| स्थिति 4 | बच्चा पहले वाक्य से एक भी शब्द नहीं पढ़ पाया। (आप उन्हें कहानी पढ़कर सुना दें और प्रश्न पूछें। उत्तर के लिए कोई अंक नोट न करें।) | समूह 1 | इनके साथ वर्ण और शब्द पठन पर कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए चरण-1 की पुनरावृत्ति योजना काम में लें। | यहाँ यह समझना जरूरी है कि जो बच्चे स्थिति 4 में हैं, उनके साथ सिर्फ 6वें दिन पुनरावृत्ति कार्य करने से बहुत बदलाव नहीं होगा। इन बच्चों के साथ दैनिक स्तर पर वर्ण/अक्षर और शब्द पठन पर कार्य करें । |

**नोट : शिक्षक संदर्शिका में दी गई आकलन और पुनरावृत्ति की योजना को भी पढ़ें।**

# विषय सूची


| सप्ताह | पाठ क्रमांक | पाठ का नाम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 1-6 | पुनरावृत्ति | 1-6 |
| 2 | 7-12 | पुनरावृत्ति | 7-12 |
| 3 | 13-17 | पुनरावृत्ति | 13-18 |
| 4 | 18-22 | पुनरावृत्ति | 19-24 |
| 5 | 23-27 | हाथी चला मेला घूमने, मीना का घर | 25-30 |
| 6 | 28-32 | खीरा-ककड़ी, पतंग | 31-36 |
| 7 | 33-37 | आम का पेड़, धीरे-धीरे चले गधा | 37-42 |
| 8 | 38-42 | हाथी को जुकाम, मोर | 43-48 |
| 9 | 43-47 | बाघ का बच्चा, तितली की कहानी | 49-54 |
| 10 | 48-52 | मामी का घर, जामुन | 55-60 |
| 11 | 53-57 | इमरती, बगीचा | 61-66 |
| 12 | 58-62 | भालू की चालाकी, सो गया घोड़ा खड़े-खड़े | 67-72 |
| 13 | | सावधिक आकलन एवं पुनरावृत्ति | 73-75 |
| 14 | 63-67 | नाव, शेरू, रचना की बाइक | 76-81 |
| 15 | 68-72 | साइकिल, प्यारा गोलू | 82-87 |
| 16 | 73-77 | बिल्ली मौसी, बिल्ली और कुत्ते की दोस्ती, ठंड और समोसे | 88-93 |
| 17 | 78-82 | रेल, चूहा और हाथी, तीन चिड़ियाँ | 94-99 |
| 18 | 83-87 | खट्टे अंगूर, भालू के बाल | 100-105 |
| 19 | 88-92 | तोता, जूँ, सफेद चिड़िया | 106-111 |
| 20 | | सावधिक आकलन एवं पुनरावृत्ति | 112-114 |
| 21 | 93-97 | घोड़ा झूला झूलने लगा, चालाक बकरी | 115-120 |
| 22 | 98-102 | बंदर का चश्मा, बरसात का मौसम, गधे की इच्छा | 121-126 |
| 23 | 103-107 | कौए की भूख, गुड़िया की बिल्ली | 127-132 |
| 24 | 108-112 | जादुई बीज, चीकू और मीकू, बंदर के टूल | 133-138 |
| 25 | 113-117 | सड़क सुरक्षा | 139-144 |
| 26 | 118-119 | पुनरावृत्ति | 145-146 |
| 1-26 | खण्ड 2 | प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास | 147-162 |

पहले वर्ण पर 'ा' मात्रा लगाकर नए शब्द लिखो।

कल ⇨ काल    नम ⇨ ............    पन ⇨ ............

जल ⇨ ............    कन ⇨ ............    मला ⇨ ............

मिलाकर लिखो और पढ़ो।

का म ⇨ काम    पा पा ⇨ ....................

ना म ⇨ ....................    मा मा ⇨ ....................

पहले वर्ण पर 'ी' मात्रा लगाकर नए शब्द लिखो।

कल ⇨ कील    पला ⇨ ............    तन ⇨ ............

⇨ ............    ⇨ ............    ⇨ ............

ग्रिड के वर्ण और अक्षर से शब्द बनाओ।

| | | |
|---|---|---|
| पा | पा | र |
| मा | ता | ली |
| दा | दी | या |
| ल | ता | र |

पापा    पार

................    ................

................    ................

................    ................

तीन फलों के नाम लिखो।

....................    ....................    ....................

## मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ती | र | ⇨ तीर | | कि | ला | ⇨ .................... |
| री | ना | ⇨ ........................ | | मि | ल | ⇨ ........................ |
| दी | दी | ⇨ ........................ | | दि | न | ⇨ ........................ |
| ला | ठी | ⇨ ........................ | | गी | त | ⇨ ........................ |

## इन वर्णों और अक्षरों से शुरू होने वाले शब्द बनाओ।

म
- मकान
- ........................
- ........................

बा
- बाल
- ........................
- ........................

## ग्रिड के वर्ण और अक्षर से शब्द बनाओ।

| | | |
|---|---|---|
| री | ना | ना |
| छा | ता | ली |
| मा | मी | ना |
| दि | न | ली |

| | |
|---|---|
| रीना | ताली |
| .................. | .................. |
| .................. | .................. |
| .................. | .................. |

## तीन जानवरों के नाम लिखो।

........................ ........................ ........................

पहले वर्ण पर ‘ े ’ मात्रा लगाकर नए शब्द लिखो।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कला | ⇨ केला | रल | ⇨ ............ | मला | ⇨ ............ |
| बल | ⇨ ............ | तल | ⇨ ............ | सल | ⇨ ............ |

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | रे | ला | ⇨ | करेला | ...................... | ...................... |
| ह | रे | ली | ⇨ | ...................... | ...................... | ...................... |
| बे | ल | न | ⇨ | ...................... | ...................... | ...................... |

पहले वर्ण पर ‘ ै ’ मात्रा लगाकर नए शब्द लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बल | ⇨ बैल | पर | ⇨ ............ | मना | ⇨ ............ |
| थला | ⇨ ............ | पसा | ⇨ ............ | कसा | ⇨ ............ |

इन चित्रों के नाम लिखो।


..............................


..............................


..............................

तुम्हारे घर के पास कौन-कौन से जानवर रहते हैं? उनके नाम लिखो।

...................... ...................... ...................... ......................

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | मो | र | ⇨ | मोर |
| | सो | ना | ⇨ | ........................ |
| टो | क | री | ⇨ | ........................ |

पहले वर्ण में 'ो' मात्रा लगाकर नया शब्द बनाओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कयल | ⇨ | कोयल | कपल | ⇨ | ........................ |
| गल | ⇨ | ........................ | कहरा | ⇨ | ........................ |
| बल | ⇨ | ........................ | सनम | ⇨ | ........................ |
| खज | ⇨ | ........................ | ढलक | ⇨ | ........................ |

इन वर्णों से शुरू होने वाले तीन-तीन शब्द बनाकर लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| च | ⇨ | चार | चरखा | चहक |
| ख | ⇨ | ........................ | ........................ | ........................ |
| ज | ⇨ | ........................ | ........................ | ........................ |
| छ | ⇨ | ........................ | ........................ | ........................ |

पहले वर्ण में ' ु ' मात्रा लगाकर लिखो और पढ़ो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | ⇨ कुल | | ख | श | ⇨ .................... |
| स | न | ⇨ .................... | | क | छ | ⇨ .................... |
| च | न | ⇨ .................... | | प | त्र | ⇨ .................... |
| ध | न | ⇨ .................... | | त | म | ⇨ .................... |

इन वाक्यांशों को पढ़ो।

घर का सामान

काका की कार

गुलाब का फूल

मुरली की धुन

सुमन का गाना

सुन साहिबा सुन

'ा' मात्राओं से बनने वाले दो-दो शब्द लिखो।

.................... .................... ....................

.................... .................... ....................

वर्णों में मात्रा लगाकर लिखो और पढ़ो।

| | ा | ि | ी | ु | ू |
|---|---|---|---|---|---|
| क | | | | | |
| ख | | | | | |
| ग | | | | | |
| घ | | | | | |

| | ा | ि | ी | ु | ू |
|---|---|---|---|---|---|
| त | | | | | |
| थ | | | | | |
| द | | | | | |
| न | | | | | |
| स | | | | | |

इन वर्णों और अक्षरों से शुरू होने वाले शब्द बनाओ।

कि — किला, ..................., ...................

को — ..................., ..................., ...................

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आटा | कोट | घाटा | कोयल | ठकठक |
| टाटा | बोट | ठहरा | कुसुम | कोपल |

पहले वर्ण में ' ौ' मात्रा लगाकर शब्द बनाओ।

च क ⇨ चौक

ल की ⇨ ........................

म स म ⇨ ........................

च पा ल ⇨ ........................

इन वर्णों से शब्द बनाओ।

फ ⇨ फसल

त ⇨ ........................

ल ⇨ ........................

प ⇨ ........................

इन वर्णों और अक्षरों से शब्द बनाओ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मौ | मौसी | था | .............................. | धा | .............................. |
| ए | .............................. | क | .............................. | सा | .............................. |

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो।

1. बहुत **गरमी** लग रही है। (पापा/गरमी)
2. अभी रात ........................ हुई है। (नहीं/तारे)
3. तेज ........................ चल रही है। (हवा/जमीन)
4. तारे ........................ में दिख रहे हैं। (आकाश/धरती)

सही वर्ण में 'ं' अनुस्वार लगाकर लिखो और पढ़ो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रग ⇨ | रंग | बदर ⇨ | ............ | पखा ⇨ | ............ |
| पतग ⇨ | ............ | गगा ⇨ | ............ | पसद ⇨ | ............ |

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो।

1. बिल्ली **भाग** रही है। (भाग/किताब)
2. कौआ .................... रहा है। (उड़/तैर)
3. रजनी .................... गई। (बादल/बाजार)
4. तुम मेरे .................... आओ। (पास/भीड़)

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो।

| | |
|---|---|
| कार | बहुत बड़ा है। |
| हाथी | रात में आते हैं। |
| दुकान | सड़क पर चलती है। |
| तारे | में सामान बिकता है। |

कविता पढ़ो।

आज सोमवार है। चूहे को बुखार है।
चूहा हुआ उदास, पहुँचा डॉक्टर के पास।
डॉक्टर ने लगा दी सुई। चूहा बोला-उई।

चित्र देखकर पाँच शब्द लिखो।



.......................... .......................... .......................... .......................... ..........................

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| म | ट | का | ⇨ | मटका |
| बे | च | ना | ⇨ | .......................... |
| बु | ढ़ि | या | ⇨ | .......................... |

पढ़ो।

| | |
|---|---|
| कौआ | भौंकना |
| तोता | चीता |
| किला | चील |
| पिता | फीता |

तीन फूलों के नाम लिखो।

.......................... .......................... ..........................

कविता पढ़ो।



चंदू की नानी
कहे कहानी
एक था शरबत
एक था पानी

नानी पिए शरबत
चंदू पिए पानी
रूठ गया चंदू
खत्म हुई कहानी।

तुकांत शब्द बनाओ।

नानी पानी ............... ...............

हरा ............... ............... ...............

दूध से क्या-क्या बनता है? उनका नाम लिखो।

...................... ...................... ...................... ...................... ......................

तुम्हें किन-किन पक्षियों की आवाज सबसे अच्छी लगती है? उनके नाम लिखो।

...................... ...................... ......................

इन वर्णों में मात्रा लगाकर लिखो।

| | ा | ि | ी | ु | ू | े | ै | ो | ौ | ं |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | | | | | | | | | | |
| ख | | | | | | | | | | |
| ग | | | | | | | | | | |
| घ | | | | | | | | | | |
| च | | | | | | | | | | |
| ट | | | | | | | | | | |

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो।

1. .......................... दूध देती है। (गाय / तोता)
2. ................................ सामान बेचता है। (दुकानदार / वकील)
3. ................................ चिट्ठी लाकर देता है। (डाकिया / दूधवाला)

उन चीजों के नाम लिखो जो सड़क पर चलती है।

कार ........................ ........................ ........................

........................ ........................ ........................ ........................

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चंदा | कोयल | गीत | थैला | जामुन |
| नीम | करेला | कंधा | फूल | जून |

दिए गए चित्रों के नाम लिखो।

 ................................

 ................................

 ................................

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पै | सा | ⇨ | पैसा | ...................... | ...................... |
| | लौ | की | ⇨ | लौकी | ...................... | ...................... |
| मै | दा | न | ⇨ | मैदान | ...................... | ...................... |

शब्द बनाएँ।

प, इ, चि → त्र → पत्र, ......................, ......................

खा, गा, धो → ता → खाता, ......................, ......................

पढ़ो।

खेत में पालक लगा था। रामू ने पालक काटा।
पालक बहुत हरा था। रामू ने पालक का साग बनाया।

# होली



होली आने वाली थी। मोनू और उसकी बहन बाजार गए। बाजार से पिचकारी और रंग लाए। होली के दिन दोनों ने खूब होली खेली।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. क्या आने वाली थी? ..........
2. मोनू और उसकी बहन कहाँ गए? ..........

**खाली स्थान भरो।**

1. बाजार से .......... और रंग लाए।
2. दोनों ने खूब .......... खेली।

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पिचकारी | आम | हाथी | उगाया | किताब |
| साइकिल | पीपल | सफेद | हैरान | रबर |

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | रा | ख | ⇨ | राख | ...................... |
| | की | च | ड़ | ⇨ | कीचड़ | ...................... |
| ब | र | ग | द | ⇨ | बरगद | ...................... |
| दो | ह | रा | ई | ⇨ | दोहराई | ...................... |

आपको खाने/पीने में क्या-क्या पसंद है? उनके नाम लिखो।

1. मुझे **मिठाई** खाना पसंद है।
2. मुझे ...................... पसंद है।
3. मुझे ...................... का जूस पसंद है।
4. मुझे ...................... की सब्जी पसंद है।

मेले से तुम क्या-क्या लाना चाहोगे? उनके नाम लिखो।

.................................... .................................... ....................................

.................................... .................................... ....................................

पढ़ो।

होली के दिन सबने खूब रंग बरसाए।

'लाल रंग' मुझे अच्छा लगता है।


.......................... DD / MM / YYYY

# शेर और हाथी



शेर और हाथी ने क्रिकेट मैच देखा। मैच देखकर उन्हें बड़ा मजा आया। उन्होंने भी क्रिकेट खेला। वे रोजाना क्रिकेट खेलने लगे।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. क्रिकेट मैच किसने देखा? ..............................

2. शेर और हाथी ने कौन-सा खेल खेला?

..............................

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गाना | पेट | क्रिकेट | भोलू | गाजर |
| पंख | पढ़ना | पतंग | बंदर | मैच |

**अपने दोस्तों के नाम लिखो।**

.................... .................... ....................

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ड़ | क | ⇨ | सड़क | ........................ |
| | श | ह | द | ⇨ | ........................ | ........................ |
| | औ | र | त | ⇨ | ........................ | ........................ |
| स | फ | ल | ता | ⇨ | ........................ | ........................ |

ग्रिड से शब्द खोजकर लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ल | बी | बा | ण |
| न | या | ग | म |
| था | ना | ला | क |
| त | स | जा | ना |

बाण ........................ ........................
........................ ........................
........................ ........................
........................ ........................

तुम कौन-कौन से खेल खेलते हो? उनके नाम लिखो।

........................ ........................ ........................

पढ़ो।

पीलू चिड़िया जंगल में गई। जंगल में चारों तरफ हरियाली थी। पेड़ों पर बंदर बैठे थे। वहाँ बड़े-बड़े पेड़ थे। पेड़ों पर फल लगे थे।



........................ DD / MM / YYYY

# गरम-जलेबी



कपिल खीर के लिए दूध लेने दुकान पर गया। उसकी नजर गरम-गरम जलेबियों पर पड़ी। जलेबी देखकर उसके मुँह में पानी आ गया।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कपिल दुकान पर क्या लेने गया? ..........................................
2. उसकी नजर किस पर पड़ी? ..........................................

**ग्रिड से शब्द खोजकर लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सी | मा | ख | न |
| म | का | न | दी |
| प | क | ड़ | ना |
| दी | वा | र | ह |

........................ ........................
........................ ........................
........................ ........................
........................ ........................

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दुकान | बाजार | तालियाँ | दिखाई | हलवाई |

# मैंने सीख लिया

**पढ़ो।** 10

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूँछ | मछली | रोजाना | मनीराम | गरम |
| चूहा | तालाब | पिचकारी | सोमवार | हाथी |

**पढ़ो।** 27

रोशन के मामा की शादी थी। रोशन ने कोट पैंट पहना था।

**सुनकर लिखो। ( शब्द )**

.......................... .......................... .......................... ..........................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................



.......................... DD / MM / YYYY



# नाना का घर

पवन माँ के साथ नाना के घर जा रहा था। माँ ने उसे बताया कि नाना के घर रेलगाड़ी से जाते हैं। वे स्टेशन से रेलगाड़ी में बैठे और नाना के घर पहुँच गए।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. पवन माँ के साथ कहाँ जा रहा था? ........................................
2. दोनों किसमें बैठकर गए? ........................................

शब्द के अक्षरों से नए शब्द बनाकर लिखो और पढ़ो।

बाजार → बा ..................., जा ..................., र ...................

मेला → मे ..................., ला ...................

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पकड़ | साँप | धरती | राधा | अँधेरा |
| आसमान | आश्रम | बैठक | खिलौना | छोड़कर |

**मिलाकर पढ़ो और लिखो।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ना | च | ना | ⇨ | नाचना | .......................... |
| छ | ल | नी | ⇨ | .......................... | .......................... |
| च | ढ़ | ना | ⇨ | .......................... | .......................... |
| बे | ल | न | ⇨ | .......................... | .......................... |

**अपने प्रिय साथी से बात करो और लिखो।**

उसे कौन-सा खेल पसंद है? ..........................................................................

उसे क्या खाना पसंद है? ..........................................................................

**पढ़ो।**

अरमान और ऋषि दशहरे के मेले में घूमने गए। मेले में दोनों ने झूला झूला और मिठाई खाई। फिर दोनों घर आ गए।

**दिए गए शब्दों की मदद से वाक्यों को पूरा करो।**

1. चूहा .......................... से डर गया। (बिल्ली/लड्डू)
2. लड्डू .......................... होता है। (नमकीन/मीठा)
3. मुझे .......................... पसंद है। (पढ़ना/खेलना)

# तितलियाँ

हिना को तितलियाँ पसंद हैं। वह हमेशा आसमान में तितलियों की तरह उड़ना चाहती है। मगर, उसे पता है कि वह उड़ नहीं सकती क्योंकि उसके पास पंख नहीं है।



**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. हिना को क्या पसंद है? ..............................................................................
2. हिना क्या करना चाहती है? ..............................................................................

**मिलाकर पढ़ो और लिखो।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | च | ट | नी | ⇨ | चटनी | ...................... |
| गि | ल | ह | री | ⇨ | गिलहरी | ...................... |
| इ | म | र | ती | ⇨ | इमरती | ...................... |

# पापा की घड़ी



आज सुबह पापा की घड़ी नहीं मिल रही थी। उन्होंने अलमारी और मेज पर भी देखा, पर घड़ी नहीं मिली। पापा ने सबसे पूछा। अब सब मिलकर घड़ी खोजने लगे।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. पापा को क्या नहीं मिल रहा था? ..........................................
2. पापा ने किससे पूछा? ..........................................

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मूँग | चीजें | भिंडी | ऊँचा | चोंच |
| फँसना | अरहर | बछिया | शिक्षक | खटमल |

**मिलते-जुलते शब्द लिखो।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नीले ⇨ | पीले ⇨ | .................. ⇨ | .................. |
| अब ⇨ | .................. ⇨ | .................. ⇨ | .................. |

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | भा | ला | ⇨ | भाला | ............ |
| ख | ब | र | ⇨ | खबर | ............ |
| मु | झ | को | ⇨ | मुझको | ............ |
| ब | धा | ई | ⇨ | बधाई | ............ |

शब्द के अक्षरों से नए शब्द बनाकर लिखो और पढ़ो।

बाजार → बा, जा, र

| | |
|---|---|
| बाजा | बाहर |
| ............ | ............ |
| ............ | ............ |

तुम्हारे घर की रसोई में कौन-कौन सी चीजें हैं? उनके नाम लिखो और अपने दोस्तों को बताओ।

.............................................................................

.............................................................................

पढ़ो।

राज, मनु और तनु जंगल की सैर को निकले। तीनों गाना गाते हुए जंगल पहुँचे। वे दिनभर जंगल में घूमते रहे। शाम को घर लौट आए।

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 10

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी | पसंद | घड़ी | मिठाई | अलमारी |
| तितलियाँ | उड़ना | पंख | जंगल | कोयला |

पढ़ो। 12

एक दिन बबली जंगल में रास्ता भटक गई। वह बहुत डर गई।

सुनकर लिखो। ( शब्द )

.................... .................... .................... ....................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

# पाठ-23




शहर में मेला लगा था। हाथी भी मेला घूमने गया। हाथी ने मेले से तरबूज खरीदे। हाथी को देखने के लिए भीड़ जमा हो गई। हाथी को मेले में जाकर बड़ा मजा आया।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. मेला कहाँ लगा था? ..............................
2. हाथी ने मेले से क्या खरीदा? ..............................

**मिलाकर पढ़ो और लिखो।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | ह | र | ⇨ | शहर | .................. |
| त | र | बू | ज | ⇨ | तरबूज | .................. |
| जा | न | व | र | ⇨ | जानवर | .................. |

**वर्णों को मिलाकर पढ़ो और लिखो।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ह | क | ना | ⇨ | महकना | ........................ |
| घू | म | क | र | ⇨ | घूमकर | ........................ |
| दि | न | भ | र | ⇨ | दिनभर | ........................ |

**इनमें से कौन-कौन उड़ सकते हैं? उनके नाम अपने दोस्त को बताओ और छाँटकर लिखो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| मछली | कौआ | पहिया | बगीचा | कबूतर |
| गाय | हवाई जहाज | नेवला | पतंग | चिड़िया |

........................ ........................ ........................ ........................ ........................

सुनकर लिखो। (4-5 शब्दों का एक वाक्य)

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**पढ़ो।**

एक शेर जंगल में रहता था। उस जंगल में और भी बहुत सारे जानवर रहते थे। जंगल में एक ही नदी थी। सभी जानवर इसी नदी से पानी पीते थे। शेर सुबह-शाम नदी पर जाता था। दूसरे जानवर उस समय पर नदी से दूर रहते थे।

पाठ-25




मीना का घर कांकेर में है। उसके घर के पास जंगल है। जंगली जानवर रोज उससे मिलने आते हैं। मीना सभी जानवरों को खाना खिलाती है। मीना और सभी जानवर खूब खेलते हैं।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. मीना का घर कहाँ है? ..............................

2. मीना से कौन-कौन से जानवर मिलने आए?

..............................

मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | खि | ला | ना | ⇨ | खिलाना | .......... |
| जा | न | व | र | ⇨ | जानवर | .......... |



DD / MM / YYYY

# पाठ–26

वर्णों को मिलाकर पढ़ो और लिखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | लो | म | ड़ी | ⇨ | लोमड़ी | ........................ |
| | प | जा | मा | ⇨ | ........................ | ........................ |
| पि | च | का | री | ⇨ | ........................ | ........................ |
| बै | ठ | क | र | ⇨ | ........................ | ........................ |

आप अपने साथी को क्या उपहार देना चाहते हो? अपने साथी को बताओ, चित्र बनाओ और उसके बारे में एक वाक्य लिखो।

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

## पठन–अभ्यास

मीरा का संतरे का खेत था। एक दिन नीरा उसके घर आई। मीरा खेत से संतरे तोड़कर लाई। उसने नीरा को संतरे खिलाए। नीरा को संतरे अच्छे लगे।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. संतरे का खेत किसका था? ........................................................................
2. किसको संतरे अच्छे लगे? ........................................................................



........................... DD / MM / YYYY

इन्हें काटो -

क्या बचा? बचे हुए अक्षरों को जोड़कर शब्द बनाओ और नीचे खाली डिब्बे में लिखो–

**ब, क, रा, री**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ब | क | रा | बा | रा |
| री | ब | क | री | क |
| क | री | ब | क | रा |
| बे | क | रा | र | बा |
| ब | रा | क | क | ब |

**क, ल, च, का, ह**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ल | च | का | ह |
| ल | क | ह | क | च |
| ल | चू | हा | का | ह |
| ल | का | च | ह | क |
| क | ह | का | च | ल |

**भा, लू, भो, ई, ना**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| भा | ना | ई | भो | लू |
| लू | का | भो | भा | ई |
| ई | भा | लू | भो | न |
| ना | लू | भा | ई | भो |
| ना | भो | ना | भा | लू |

**रा, य, पु, र, री**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| रा | पु | र | री | य |
| पु | य | श | ता | र |
| रा | री | पु | र | म |
| य | रा | ली | री | स |
| री | रा | य | पु | र |

# मैंने सीख लिया

**पढ़ो।** 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तरबूज | भीड़ | साइकिल | जानवर | रोटी |
| पतंग | जंगल | सहेलियाँ | चक्की | गेहूँ |
| सुबह | नदी | जंगली | संतरे | तोड़कर |
| शाम | खिलाती | कांकेर | खेत | बैठकर |

**पढ़ो।** 16

पायल को चिड़ियाँ पसंद हैं। वह उनकी तरह उड़ना चाहती है। मगर वह उड़ नहीं सकती।

**सुनकर लिखो। ( शब्द )**

.................... .................... .................... ....................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

....................................................................

....................................................................

....................................................................

....................................................................

....................................................................



DD / MM / YYYY

# खीरा-ककड़ी



कल खीरे से
बोली ककड़ी।
कद्दू की बतिया
खा गई बकरी।
खीरा बोला,
क्यों रे ककड़ी!
देखी थी तो
क्यों न पकड़ी?

कविता- रामकरन

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कद्दू की बतिया यानी उसकी लोई को कौन खा गया?

..........................................................................................

2. कद्दू की बतिया खाते हुए बकरी को किसने देखा?

..........................................................................................

3. बकरी को क्या-क्या चीजें खाने में पसंद होगी?

..........................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

.............................. .............................. ..............................

.............................. .............................. ..............................

**इनके जैसे तुकान्त शब्द लिखो।**

कद्दू ददू ................ ................ ................

ककड़ी मकड़ी ................ ................ ................

**खाली स्थान भरो।**

1. कल खीरे से, बोली ................।
2. कद्दू की बतिया खा गई ................।
3. खीरा बोला, क्यों रे ................।
4. देखी थी तो क्यों न ................।

**सही जोड़ी बनाओ।**

| | |
|---|---|
| ककड़ी | कद्दू की बतिया खा गई। |
| खीरा | इसे कुम्हड़ा भी कहते हैं। |
| कद्दू | खीरे से बोली। |
| बकरी | ककड़ी से बोला |



# पतंग

चंदन और गणेश ने एक पतंग खरीदी। दोनों मिलकर पतंग उड़ाने लगे। पतंग खंभे में अटक गई। खंभे पर एक बंदर बैठा था। उसने पतंग निकाल कर चंदन को दे दी।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. चंदन और गणेश ने क्या खरीदी?

..........................................................................................

2. पतंग कहाँ अटक गई थी?

..........................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

.............................. .............................. ..............................

.............................. .............................. ..............................

**चंदन और गणेश ने पतंग खरीदी। तुम अपने लिए क्या-क्या खरीदना चाहोगे?**

**चंदन और गणेश मिलकर पतंग उड़ा रहे हैं। तुम अपने दोस्तों के साथ मिलकर कौन-कौन से काम करते हो?**

| काम | दोस्तों के साथ मिलकर करते हैं | दोस्तों के साथ मिलकर नहीं करते हैं |
|---|---|---|
| 1. स्कूल आना | | |
| 2. पानी पीना | | |
| 3. मैदान में दौड़ना | | |
| 4. सपने देखना | | |
| 5. पढ़ना | | |
| 6. खेलना | | |

**पढ़ो।**

नीलम के पास एक तोता है। तोता टें-टें गाता है। नीलम एक दिन अपने तोते को लेकर स्कूल गई। सबने तोते से खूब बातें की।

पढ़ो।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पकौड़ी | पंखा | बकरी | पकड़ी | मकड़ी | लकड़ी |
| ककड़ी | पतंग | खंभे | बंदर | चंदन | अटक |

पतंग की तरह आकाश में और क्या-क्या उड़ता है? नाम लिखो।

........................ ........................ ........................ ........................

........................ ........................ ........................ ........................

इन शब्दों से एक-एक वाक्य लिखो।

1. सहेली – मेरी सहेली बहुत तेज दौड़ती है।
2. भागना – ........................
3. खेलना – ........................
4. तालाब – ........................
5. दोस्त – ........................
6. पतंग – ........................

सुनकर लिखो। (5 शब्दों वाला एक वाक्य)

........................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खीरा | बतिया | गणेश | मकड़ी | उड़ना |
| ककड़ी | कद्दू | चंदन | पकड़ी | आकाश |
| बकरी | कटकर | सींग | खरीदी | अटक |
| पतंग | टकराई | कीड़ी | सपना | खंभे |

पढ़ो। 17

बसंत और अहमद दशहरे के मेले में घूमने गए। अहमद और बसंत मेले में झूला झूलने लगे।

सुनकर लिखो। ( शब्द )

..................... ..................... ..................... .....................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................



........................ DD / MM / YYYY

# आम का पेड़

कविता और नीता दो बहनें थीं। दोनों बाहर आम के पेड़ के नीचे काम कर रही थी। कविता पेड़ से आम तोड़ने लगी। उसने नीता को भी आम दिए।



**वाक्य पूरा करो।**

1. कविता और नीता दो .................................... थी।
2. कविता पेड़ से .................................... तोड़ने लगी।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कविता ने किसे आम दिए?

........................................................................................................

2. दोनों कहाँ काम कर रही थी?

........................................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

........................................................................................................

# पाठ-34

पढ़ो।

| | | |
|---|---|---|
| आम का पेड़ | नीम का पेड़ | जाम का पेड़ |
| बरगद का पेड़ | पीपल का पेड़ | बबूल का पेड़ |

तुम्हारे घर के आस-पास कौन-कौन से पेड़ लगे है? उनके नाम लिखो।

........................ ........................ ........................ ........................

........................ ........................ ........................ ........................

पेड़ पर रहने वाले और पेड़ पर नहीं रहने वाले जानवरों के नाम लिखो।

| पेड़ पर रहने वाले जानवर | | पेड़ पर नहीं रहने वाले जानवर | |
|---|---|---|---|
| ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ | ........................ |

पढ़ो।

शबनम और मोहसिन भाई बहन थे। दोनों रोज नदी में नहाने जाते थे। एक दिन उनको नदी में मछली दिखाई दी।

# धीरे-धीरे चले गधा

धीरे-धीरे चले गधा,
कितना उस पर बोझ लदा,
इतना बोझ लादकर देखो,
भैया तुम भी यदा-कदा।
होने वाली है अब शाम,
करने दो उसको आराम



**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. धीरे-धीरे कौन चला?

..........................................................................................

2. गधे को आराम करने देना चाहिए कि नहीं?

..........................................................................................

3. गधा क्यों थक गया था?

..........................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

..........................................................................................

# पाठ-36

इन शब्दों से एक-एक वाक्य लिखो।

1. धीरे-धीरे – मैं धीरे-धीरे दौड़ता हूँ।
2. जोर-जोर – ..........
3. कभी-कभार – ..........
4. आगे-आगे – ..........
5. पीछे-पीछे – ..........
6. मजे-मजे – ..........

खाली स्थान भरो।

1. धीरे-धीरे .......... चल रहा था। (लड़का/गधा)
2. गधे की पीठ पर .......... लाद दिया गया था। (बोझ/आदमी)
3. .......... को आराम करने की बात कही गई है। (गधे/लड़की)
4. शाम होने के बाद .......... दिखने लगता है। (अंधेरा/उजाला)

सुनकर लिखो। (5 शब्दों वाला एक वाक्य)

..........

कौन कैसे चलेगा? लिखो।

| | | |
|---|---|---|
| गधा | – | धीरे – धीरे चलेगा। |
| कार | – | .................................... चलेगी। |
| चूहा | – | .................................... चलेगा। |
| हवाई-जहाज | – | .................................... चलेगा। |
| नाव | – | .................................... चलेगी। |

भारी सामान लाने ले जाने के लिए तुम्हारे आस-पास किन-किन साधनों का उपयोग होता है? उनके नाम लिखो।

| | | |
|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |

पढ़ो।

एक दिन मेरे घर में चूहा आया। चूहा पलंग के नीचे घुस गया। बहुत देर तक चूहा पलंग के नीचे छुपा रहा। अचानक चूहा तेजी से निकलकर भाग गया।

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गधा | बोझ | लादकर | भैया | आराम |
| जंगल | हाथियों | जमीन | पेड़ | बहनें |
| घूमने | किनारे | भरपेट | चिड़ियाँ | कविता |
| नीता | तोड़ने | मोहसिन | जानवर | शबनम |

पढ़ो। 19

प्रिया को अलमारी में कहानी की किताब मिली। प्रिया ने दीपक को बुलाया। दोनों ने किताब से कहानी पढ़ी।

सुनकर लिखो। ( शब्द )

........................ ........................ ........................ ........................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................

पाठ-38

# हाथी को जुकाम



एक बार हाथी को जुकाम हुआ। हाथी की नाक बहने लगी। नाक इतनी बही कि नदी बन गई। नदी में सब जानवर बहने लगे। हाथी की नाक बहती ही रही।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. सब जानवर नदी में क्या करने लगे?

......................................................................................................................................

2. हाथी को क्या हुआ था?

......................................................................................................................................

**इस कहानी में कौन-कौन से जानवर हैं? उनके चित्र बनाओ और नाम लिखो।**

# पाठ-39



नदी में कौन-कौन बह रहा हैं?

..............................

..............................

..............................

..............................

..............................

अगर नदी गहरी होती जाए तो अंत में कौन-सा जानवर डूबेगा?

..............................

अदरक की चाय पीने से जुकाम में फायदा होता है। हाथी के लिए अदरक की चाय बनाने में कितना अदरक लगेगा।

..............................

घर में किसी को जुकाम हो जाए तो क्या इलाज करते हैं?

..............................

..............................

पढ़ो।

बहुत जुकाम हुआ नन्दू को,
एक रोज वह इतना छींका,
इतना छींका, इतना छींका,
इतना छींका, इतना छींका,
इतना छींका, इतना छींका,
सब पत्ते उड़ गए पेड़ के,
धोखा हुआ उन्हें आँधी का।

# मोर

एक जंगल में दो मोर रहते थे। दोनों मोर खूब नाचते थे। जंगल के पास ही मोनू और लीला का घर था। मोनू और लीला घर पर पढ़ाई करते थे। पढ़ाई करते समय मोर उनके पास बैठ जाते थे।



**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. जंगल के पास किसका घर था?

..........................................................................................

2. पढ़ाई करते समय मोनू और लीला के पास कौन आते थे?

..........................................................................................

**वाक्य पूरा करो।**

1. एक जंगल में ........................................ रहते थे।
2. मोनू और लीला घर पर ........................................ करते थे।

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

.............................. .............................. .............................. ..............................

# पाठ-41

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जंगल | शेर | भालू | हिरण | मोर |
| नदी | दहाड़ना | दौड़ना | पेड़ | पहाड़ |

**क्या सचमुच जंगल में मोर नाचते हैं? अपने साथियों के साथ चर्चा कर पता करो कि जंगल में और कौन से जानवर नाचते होंगे।**

.................... .................... ....................

.................... .................... ....................

.................... .................... ....................

**मोनू और लीला का घर जंगल के पास था। तुम्हारा घर किस जगह के पास है। अपने घर के आस-पास की चीजों के नाम लिखो।**

.................... .................... ....................

.................... .................... ....................

पढ़ो।

(शिक्षक कक्षा में बच्चों को मोबाइल पर 'गुलजार' द्वारा रचित यह गीत सुना सकते हैं।)

जंगल-जंगल पता चला है,
चड्डी पहन के फूल खिला है।

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जंगल | जादूगर | पानी | तैरना | सैर |
| जुकाम | हाथी | नाक | जानवर | सूरज |

पढ़ो।

एक दिन हाथी को बहुत भूख लगी। बकरी ने हाथी को पत्ते खिलाए। गाय ने हाथी को घास खिलाई। मैंने हाथी को केले खिलाए। हाथी की भूख अब जाकर कम हुई।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. भूख किसे लगी थी?

..........................................................................................

2. बकरी ने हाथी को क्या खिलाया?

..........................................................................................

3. गाय ने हाथी को क्या खिलाया?

..........................................................................................

हाथी के तीन साथियों के नाम लिखो।

.............................. .............................. ..............................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हाथी | बहने | नदी | जानवर | पढ़ाई |
| जुकाम | बही | नाक | छींका | नाचते |
| झरना | दुखी | टीटू | नहाते | पसंद |
| दीपक | गायें | बगीचे | खेलते | खुशबू |

पढ़ो। 21

घर की छत पर एक पतंग आकर गिरी। पतंग देखकर सौरभ छत पर आया। पीयूष और सौरभ ने मिलकर पतंग उड़ाई।

सुनकर लिखो। ( शब्द )

...................... ...................... ...................... ......................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................

.............................................................................



.......................... DD / MM / YYYY

# बाघ का बच्चा



एक दिन एक बाघ का बच्चा एक बस में चढ़ गया। लोगों को भागते देख वह नीचे उतरा और बस के नीचे घुस गया। लेकिन उसे वहाँ अच्छा नहीं लगा। थोड़ी देर बाद वह बस की सीढ़ी से चढ़कर के सामने वाली सीट पर बैठकर गाड़ी चलाने लगा।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बाघ का बच्चा कहाँ गया?

..........................................................................

2. बाघ का बच्चा बस के नीचे क्यों घुस गया?

..........................................................................

3. बाघ का बच्चा गाड़ी चलाकर किसके पास जाएगा?

..........................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

..........................................................................

# पाठ-44

लोगों को भागते देखकर बाघ को किसकी याद आई होगी?

........................................................................................................

बाघ की माँ बच्चे को बस चलाते देखकर क्या कहेगी?

........................................................................................................

सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो।

1. आम बहुत .............................. है। (मीठा/खट्टा)
2. पानी में .............................. चलता है। (जहाज/हवाई जहाज)
3. गुलाब का .............................. बहुत सुंदर है। (फूल/पत्तियाँ)

ऐसे और शब्द लिखो।

बच्चा .............................. .............................. ..............................

पक्का .............................. .............................. ..............................

पत्ता .............................. .............................. ..............................

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चढ़कर | बच्चा | अच्छा | लोग | बाघ |
| सीढ़ी | सीट | थोड़ी | नीचे | बैठकर |

# तितली की कहानी

धीरज और विमला साथ में खेल रहे थे। खेलते-खेलते उन्हें तितली दिखी। दोनों तितली के पीछे भागने लगे। दादी वहीं खड़ी थीं। दादी दोनों को देखकर हँसने लगीं। धीरज और विमला के हाथ तितली नहीं आई।



प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. धीरज और विमला को क्या दिखा?

.....................................................................................................

2. दोनों क्या करने लगे?

.....................................................................................................

3. तुमने किस-किस रंग की तितलियाँ देखी हैं? उन रंगों के नाम लिखो।

.....................................................................................................

ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।

.................... .................... .................... ....................

# पाठ-46

हमें तितलियाँ पकड़ना चाहिए कि नहीं, यदि नहीं तो क्यों? दोस्तों से चर्चा करो और लिखो।

.................................................................................................................................

.................................................................................................................................

दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उसकी सूची बनाओ।



| | |
|---|---|
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |

दादी धीरज और विमला को देखकर हँसने लगी। तुम्हें इनमें से कौन-सा कारण ठीक लगता हैं? क्यों?

1. उन्हें बच्चों का दौड़ना अच्छा लगा।
2. उन्हें लगा कि धीरज और विमला तितली पकड़कर खुश होंगे।
3. उन्हें अंदाजा था कि बच्चे तितली नहीं पकड़ सकेंगे।

**पढ़ो।**
(एक पुराना गाना है)

तितली उड़ी। उड़ के चली।
फूल ने कहा आ जा मेरे पास।

**पढ़ो।**

एक तोता था। एक बकरी थी। दोनों एक दिन घूमने निकले। चलते-चलते दोनों एक नदी पर पहुँच गए। नदी के किनारे आम का पेड़ था। आम के पेड़ के नीचे दोनों ने आराम किया।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. तोता और बकरी कहाँ घूमने गए?

..............................................................................................

2. बकरी और तोते ने आम के नीचे क्या किया।

..............................................................................................

3. तुम घूमने कहाँ-कहाँ जाते हो।

..............................................................................................

**इस चित्र में क्या हो रहा है? अपने दोस्तों से चर्चा करो और यहाँ लिखो।**



.............................. ..............................
.............................. ..............................
.............................. ..............................
.............................. ..............................

**सुनकर लिखो। ( 4-5 शब्दों का एक वाक्य )**

.............................. .............................. ..............................

# मैंने सीख लिया

**पढ़ो।** 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बाघ | बैठकर | भागते | तोता | नदी |
| बच्चा | बढ़कर | तितली | पेड़ | आराम |
| ऊँटगाड़ी | सपेरा | आसमान | ऊँट | गायन |
| बैलगाड़ी | सलीम | अचानक | पीठ | गिटार |

**पढ़ो।** 26

बरसात नहीं हो रही थी। फसल सूखने लगी। एक दिन आसमान में बादल गरजे और बूँदें पड़ने लगीं। बूँदें गिरते ही सभी खुशी से झूम उठे।

**सुनकर लिखो ( 3-4 शब्दों वाला वाक्य )**

.................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................

.................................................................................................



........................ DD / MM / YYYY

# मामी का घर

राजू और चीना दोनों भाई बहन हैं। एक दिन वे दोनों मामी के घर गए। वहाँ दोनों ने खूब मजे किए। मामी ने खाने में आलू की सब्जी, पूड़ी और हलवा बनाया। दोनों ने मजे से खाना खाया।



प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. राजू और चीना कहाँ गए?

..............................................................................................

2. मामी ने खाने में क्या-क्या बनाया?

..............................................................................................

ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... | .................... |

# पाठ-49

**पढ़ो।**

बंदर नहीं बनाते घर, घूमा करते इधर-उधर।
आकर करते खों-खों-खों, रोटी हमें ना देते क्यों।
छीन झपट ले जायेंगे, दूर बैठकर खायेंगे।

**इनमें से कौन-कौन अपना घर बनाते हैं और कौन-कौन अपना घर नहीं बनाते हैं? छाँटकर लिखो।**

चिड़िया, तोता, कोयल, साँप, शेर,
गधा, बंदर, घोड़ा, गाय, हाथी

| अपना घर बनाने वाले | | अपना घर नहीं बनाने वाले | |
|---|---|---|---|
| .................................. | .................................. | .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. | .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. | .................................. | .................................. |
| .................................. | .................................. | .................................. | .................................. |

**वाक्य पूरा करो।**

1. राजू और .................................. दोनों भाई बहन थे।
2. एक दिन वे दोनों .................................. के घर गए।

**सुनकर लिखो। ( 5-6 शब्दों का एक वाक्य )**

.................................................. .................................................. ..................................................

# जामुन

ऊषा और कविता मैदान में खेल रही थीं। कविता जामुन खाना चाहती थी। तभी ऊषा ने कहा, "मैं पेड़ से जामुन तोड़ती हूँ।" ऊषा पेड़ पर चढ़ गई। उसने बहुत सारे जामुन तोड़े। दोनों ने खूब जामुन खाए।



**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कविता क्या खाना चाहती थी?

.......................................................................................

2. पेड़ पर कौन चढ़ा?

.......................................................................................

3. आपने फलों के कौन-कौन से पेड़ देखे हैं? नाम लिखो।

.......................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

.................... .................... .................... ....................

## पाठ-51

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

1. आम – सरिता आम के पेड़ पर चढ़ी।
2. मीठा – ..........................................................................................
3. झूला – ..........................................................................................
4. लड़की – ..........................................................................................

**सही जोड़ी बनाओ।**

| | |
|---|---|
| 1. ऊषा और कविता | पेड़ पर चढ़ी |
| 2. ऊषा | दो बहनें थी। |
| 3. जामुन | बहुत सारे जामुन लगे थे। |
| 4. पेड़ पर | बहुत मीठे थे। |

**चित्र देखकर दो वाक्य लिखो।**



..................................................

..................................................

'जामुन' के बारे में और कहानियाँ कविताएँ पुस्तकालय से खोजकर पढ़ो और अपने दोस्तों से सुनो।



जामुन है क्या काली-काली,
लटक रही है डाली-डाली।

तुम ठहरों मैं ऊपर जाऊँ,
डाल पकड़कर खूब हिलाऊँ।

टपक पड़ेंगे टप-टप-टप,
हम खायेंगे गप-गप-गप।

चलो चले हम नदी किनारे,
जामुन धोकर खाए सारे।

फलों के नाम लिखो।

| पेड़ों पर लगते हैं | बेल में लगते हैं |
|---|---|
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |

सुनकर लिखो। ( 4-5 शब्दों का एक वाक्य )

..........

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जामुन | पूड़ी | खूब | डाली | हिलाऊँ |
| हलवा | तोड़ती | ऊषा | काली | खाऊँ |
| गिलहरी | झूला | पिंजरा | सितारे | हिलाते |
| खरगोश | झुलाया | आलसी | मौसम | चमकने |

पढ़ो। 25

गाँव के तालाब में एक मेंढक रहता है। वह दिनभर कीड़े-मकोड़े खाता और रात होते ही खूब गाने गाता। उसके इस गाने को ही हम टर्राना कहते हैं।

सुनकर लिखो। ( 3-4 शब्दों का एक सरल वाक्य )

........................................................................................................

........................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

........................................................................................................

........................................................................................................

........................................................................................................

# इमरती

ईशा आज मीठा खाना चाहती थी। उसने पापा से पैसे लिए। साइकिल लेकर बाजार गई। उसने इमरती खरीदी।



घर आकर उसने सबको इमरती खाने को दी। ईशा ने भी इमरती खाई।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. ईशा ने दुकान से क्या खरीदा?

..........................................................................................

2. दो मिठाइयों के नाम लिखो?

..........................................................................................

ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।

.................... .................... .................... ....................

# पाठ-54

**पढ़ो।**

पापा साइकिल लाए। अमन ने साइकिल चलाना शुरू किया। उसकी साइकिल के आगे कुत्ता आ गया। कुत्ता भौंकने लगा। अमन डर गया। वह साइकिल छोड़कर वहाँ से भागा।

**मिलाकर नया शब्द बनाओ और लिखो।**




**सुनकर लिखो। ( 6-7 शब्दों का एक वाक्य )**

............................................................................................................

**सोचकर लिखो।**

मिठाई किन-किन चीजों से मिलकर बनती है?

............................................................................................................

## पाठ-55

# बगीचा



अमर का आम का बगीचा था। वह रोज बगीचे से आम लाता था। एक दिन उसने आरती, आशा, सपना और अजय को बुलाया। सब मिलकर एक साथ खेलने लगे। अमर ने सबको आम दिये। इसके बाद वे रोज बगीचे में खेलने आते। सबको बगीचे में मजा आता था।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बगीचे में कौन-कौन गया?

..................................................................................................

2. सब मिलकर क्या करने लगे?

..................................................................................................

**ऊपर दिए गए चित्र में तुम्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? उनके नाम लिखो।**

.............................. .............................. .............................. ..............................

# पाठ-56

**पढ़ो।**

मीता और रमन कुश्ती देखने गए। मीता को कुश्ती का खेल पसंद आया। उसने अपना नाम कुश्ती प्रतियोगिता में लिखवा दिया। उसने कुश्ती में अपने विरोधी पहलवान को हरा दिया। सभी ने मीता के जीतने पर तालियाँ बजाई।

**मिलाकर नया शब्द बनाओ और लिखो।**

| | |
|---|---|
| राजा → | रानी |
| घोड़ा → | |
| शेर → | |
| हिरन → | |

**सोचकर लिखो।**

आम का बगीचा होता है। और किन-किन फलों के बगीचे होते हैं?

..........................................................................

..........................................................................

**सुनकर लिखो। (6-7 शब्दों का एक वाक्य)**

..........................................................................

पढ़ो।

एक चूहा बाजार गया। वहाँ उसने एक दुकान देखी। दुकान में बिल्ली लड्डू बेच रही थी। वह वहाँ से भागने ही वाला था कि बिल्ली बोली – "तुम डरो मत। मैं तुम्हें नहीं खाऊँगी।" बिल्ली ने चूहे को एक लड्डू दिया। चूहा लड्डू लेकर भाग निकला।

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. चूहे ने बाजार में क्या देखा?

........................................................................................................

2. चूहा क्यों डर गया?

........................................................................................................

3. चूहा लड्डू लेकर क्यों भाग गया?

........................................................................................................

इस चित्र में क्या हो रहा है? अपने दोस्तों से चर्चा करो और यहाँ लिखो।



..........................................................

..........................................................

..........................................................

..........................................................

सुनकर लिखो। ( 4-5 शब्दों का एक वाक्य )

.................................... .................................... ....................................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो।

28

एक चिड़िया उड़ते-उड़ते थक गई। वह भूखी थी। उसे कहीं खाना नहीं मिला। वह थककर बैठ गई। तभी एक बंदर चने ले आया। चिड़िया ने चने खाए।

इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. कौन भूखी थी? 1
2. बंदर ने चिड़िया को क्या दिया? 1
3. बंदर नहीं आता तो चिड़िया क्या करती? 1

सुनकर लिखो (4-5 शब्दों वाला वाक्य)

..............................................................................................................

..............................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................



........................ DD / MM / YYYY

# भालू की चालाकी



भालू गन्ने खाना चाहता था। वह गन्ने के खेत पर गया। खेत में किसान खड़ा था। भालू गन्ने खाने का उपाय सोचने लगा। उसने शेर की आवाज निकाली। आवाज सुनकर किसान डर गया। उसे लगा, कोई शेर है। वह भागकर घर चला गया। भालू ने मजे से भरपेट गन्ने खाए।



प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. खेत में कौन खड़ा था? ..........

2. भालू ने किसकी आवाज निकाली? ..........

3. इस घटना के बाद किसान ने क्या किया होगा?

..........

ग्रिड से शब्द खोजकर लिखो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| स | के | ला | ल | च |
| भा | लू | स | मो | सा |
| न | ह | रा | रो | टी |
| घ | पी | ला | शे | ट |

⇨ .......... ..........

⇨ .......... ..........

⇨ .......... ..........

⇨ .......... ..........

ऊपर दी गई ग्रिड से शब्द निकालकर वाक्य पूरे करो।

मैंने आज .......... खाया।

मेरे छाते का रंग .......... है।

जंगल से .......... बाहर आ रहा है।

तुम किन-किन जानवरों की आवाज निकाल सकते हो?

.......... .......... .......... .......... ..........

# सो गया घोड़ा खड़े-खड़े

नीचे सड़क, ऊपर पहाड़ी,
सड़क पर चल दी घोड़ागाड़ी।
आगे गाड़ी, पीछे गाड़ी,
जाम हुआ अगाड़ी-पिछाड़ी।
पीं-पों, पीं-पों, चिल्लम चों,
धक्का-मुक्की, पिल्लम पों।
लोग चिल्लाए अरे! अरे !
सो गया घोड़ा खड़े-खड़े।

कविता- मेराज रज़ा



# पाठ-61

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. घोड़ा गाड़ी कहाँ चल रही है?

.......................................................................................................................

2. पीं-पों की आवाज आ रही थीं, वो किसकी रही होगी?

.......................................................................................................................

3. धक्का-मुक्की किनके बीच हुई होगी?

.......................................................................................................................

तुम्हारे आस-पास ''पीं-पों, पों-पों, चिल्लम चो'' कहाँ-कहाँ होता है? अपने साथी से बात करो और उन जगहों के नाम लिखो।

.................... .................... .................... ....................

.................... .................... .................... ....................

तुम्हारे आस-पास ''धक्का-मुक्की, पिल्लम पो''। कहाँ-कहाँ होता है? अपने साथी से बात करो और उन जगहों के नाम लिखो।

.................... .................... .................... ....................

.................... .................... .................... ....................

नीचे लिखे कामों में से तुम क्या-क्या करते हों?

| काम/गतिविधियाँ | कहाँ करते हो | कहाँ नहीं करते हो |
|---|---|---|
| पीं-पों-पीं-पों | .................... | .................... |
| चिल्लम चों | .................... | .................... |

# झरना

नितिन और दीपक झरना देखने गए। दीपक को झरना बहुत पसंद आया। झरना देखकर उसका मन नहाने का हुआ। झरने का पानी गरम था। दीपक झट से झरने में नहाने लगा। नितिन भी झरने के नीचे आ गया। बहुत देर तक दोनों नहाते रहे।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. दीपक को क्या पसंद आया?

........................................................................................................

2. झरने का पानी कैसा था?

........................................................................................................

**अगर झरने का पानी ठण्डा होता तो दीपक क्या करता?**

........................................................................................................

........................................................................................................

**वाक्य पूरा करो।**

1. नितिन और दीपक .................................... देखने गए।
2. झरना देखकर .................................... का मन नहाने का हुआ।
3. झरने का पानी .................................... था।

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| झरना | दीपक | झट | गरम | देखने |
| नहाने | नितिन | फट | ठण्डा | खेलने |

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 29

आज रविवार का दिन है। करीम घर में खेल रहा है। पापा पौधों में पानी दे रहे हैं। मम्मी बहन के साथ बैठी है। दादी अखबार पढ़ रही है।

इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. करीम क्या कर रहा है? 1
2. मम्मी किस के साथ बैठी है? 1
3. दादा जी क्या कर रहे होंगे? 1

सुनकर लिखो (4-5 शब्दों वाला वाक्य)

..........

..........

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..........

..........

..........

..........

..........

..........

# अभ्यास कार्य



**पढ़ो।** 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सड़क | भालू | बगीचा | हँसने | बाघ |
| गाड़ी | गन्ना | साइकिल | तितली | पढ़ाई |
| पहाड़ी | लड्डू | इमरती | बच्चा | जंगल |
| घोड़ा | बिल्ली | जामुन | गाड़ी | जुकाम |

**पढ़ो।** 26

जोर से बरसात हो रही थी। मेघा छाता लेकर अपने घर जा रही थी। रास्ते में मेघा का छाता फट गया। वह पानी में भीग गई।

**प्रश्नों के उत्तर दो।**

1. मेघा छाता लेकर कहाँ जा रही थी? 1
2. रास्ते में क्या हुआ? 1
3. छाता फटने से क्या हुआ? 1

**सुनकर लिखो ( 4–5 शब्दों वाला वाक्य )**

.......................................................................................................

.......................................................................................................

• शिक्षक अन्य वर्णों में मात्रा लगवाकर नए–नए शब्द बनवाने, पढ़वाने का कार्य दिवस 2, 3, 4, 5 में भी करवाएँ। बच्चों के स्तर अनुसार छोटे पाठ पढ़वाने का अभ्यास भी दें।



........................ DD / MM / YYYY

इन वर्णों में मात्रा लगाकर 4-4 शब्द बनाओ।

घ, द, ख, ग, च, म, न, ल, र, ध, फ, स, ज, ह, त, थ

| ा | ि | ी | ु | ू |
|---|---|---|---|---|
| ................ | ................ | ................ | ................ | ................ |
| ................ | ................ | ................ | ................ | ................ |
| ................ | ................ | ................ | ................ | ................ |
| ................ | ................ | ................ | ................ | ................ |

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बगीचा | जामुन | लड्डू | पहाड़ी | मौसम |
| इमरती | बिल्ली | गन्ना | जुकाम | बरसात |

पढ़ो।

हिबा, अरहम और नोमान आम खाना चाहते थे। वो राजू काका के खेत पर गए। राजू काका ने एक टोकरी में आम भरकर तीनों को दिए। तीनों आम लेकर घर आ गए।

- शिक्षक अन्य वर्णों में मात्रा लगवाकर नए–नए शब्द बनवाने, पढ़वाने का कार्य दिवस 2, 3, 4, 5 में भी करवाएँ। बच्चों के स्तर अनुसार छोटे पाठ पढ़वाने का अभ्यास भी दें।

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 32

राजू और मीना खेल रहे थे। शाम हो गई। दोनों घर को चलने लगे। एक कुत्ता उन पर भौंका। दोनों डर गए। तभी मोहन चाचा आए। चाचा ने कुत्ते को भगा दिया।

उत्तर दो।

1. कौन-कौन खेल रहा था? 1
2. चाचा का क्या नाम था? 1
3. मोहन चाचा नहीं आते तो क्या होता? 1

सुनकर लिखो। ( 5 शब्दों वाले दो वाक्य )

.............................................................................................................

.............................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................

.............................................................................................................



.......................... DD / MM / YYYY

# नाव



एक दिन अचानक बहुत तेज बरसात हुई। थोड़ी देर में चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। मुर्गी, चिड़िया, नेवला और खरगोश सभी पानी में बहने लगे। बहते-बहते उनको एक नाव दिखी। नाव पर कोई नहीं था। सभी नाव पर चढ़ गए। चारों मिलकर नाव चलाने लगे। नाव चलाते-चलाते वे पानी से बाहर आ गए।

# पाठ-64

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. पानी में कौन-कौन बहने लगे?

.................................................................................................

2. जब सबको नाव दिखी तो उन्होंने क्या किया?

.................................................................................................

3. नाव नहीं मिलती तो वो चारों क्या करते?

.................................................................................................

अगर नाव में तुम्हें केवल चार लोगों को ही ले जाने का मौका मिले तो, किन्हें ले जाना चाहोगे?

| | | | |
|---|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... | .................... |

कुछ वाक्यों के शब्द इधर-उधर हो गए हैं। उन्हें सही क्रम में लगाओ।

में पानी नदी है बहुत ⇨ नदी में बहुत पानी है।

मम्मी है रही देख टीवी ⇨ ....................................................

दीपक गया पानी में गिर ⇨ ....................................................

मेहमान घर हैं पर आए ⇨ ....................................................

सुनकर लिखो। ( 5-6 शब्दों वाला एक वाक्य )

.................................................................................................



.......................... DD / MM / YYYY




शेरू खाना खोज रहा था। मगर उसे खाना कहीं नहीं मिला। वह एक दीवार के किनारे लेट गया। सामने एक घर था। वह घर के अंदर गया। अंदर गाना बज रहा था। लोग घर सजाने के काम में लगे थे। एक केक रखा था। शेरू चुपचाप केक पर लपका। उसने मन भर केक खाया और चुपचाप भाग गया।

# पाठ-66

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. शेरू क्या खोज रहा था? ..............................

2. शेरू कहाँ गया? ..............................

3. घर के अंदर किस चीज की तैयारी चल रही होगी?

..............................

**तुम अपने जन्मदिन पर क्या-क्या करोगे, नीचे लिखो।**

किसे अपने घर पर बुलाओगे? ..............................

लोगों को क्या खिलाओगे? ..............................

कहाँ घूमने जाओगे? ..............................

**इन शब्दों के आगे या पीछे अक्षर जोड़कर नए शब्द बनाओ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बाद | बादल | पीता | ........ | बंद | ........ |
| कल | ........ | दाम | ........ | बाजा | ........ |

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

दीवार ..............................

अंदर ..............................

भूखा ..............................

**सुनकर लिखो। ( 5 शब्दों वाला एक वाक्य )**

..............................



DD / MM / YYYY

# रचना की बाइक

रचना बाइक चलाना सीख गई है। उसकी बाइक नई है। वह अपने भाई को बाइक से स्कूल छोड़ने जाती है। वह बाइक से बाजार जाती है। कभी-कभी वह बाइक से अपने मामा के यहाँ घूमने जाती है। पर वह स्कूल अपने दोस्तों के साथ, पैदल ही जाती है।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. रचना किसे स्कूल छोड़ने जाती है? ....................
2. रचना स्कूल कैसे जाती है? ....................
3. तुम अपनी बाइक से कहाँ-कहाँ जाते हो?

....................

**इन शब्दों के तुकांत शब्द बनाओ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बदला | .......... | नीला | .......... | अपना | .......... |
| बनाना | .......... | रंग | .......... | मीना | .......... |

**इन शब्दों के आखिरी वर्ण से शब्द बनाओ।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेब | .......... | .......... | .......... | .......... |
| बादल | .......... | .......... | .......... | .......... |

# मैंने सीख लिया

**पढ़ो।** 30

एक चूहा रास्ता भटक गया था। वह अपने घर जाना चाह रहा था। बंदर ने उसकी मदद की। बंदर ने उसे अपनी पीठ पर बिठाया। और उसका घर ढूँढ़कर उसे घर पहुँचाया।

**इन प्रश्नों के उत्तर दो।**

1. चूहा कहाँ जाना चाह रहा था? 1
2. चूहे की मदद किसने की? 1
3. बंदर ने चूहे का घर कैसे ढूँढा होगा? 1

**सुनकर लिखो (5-6 शब्दों वाला वाक्य)**

..............................................................................................................

..............................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................



.......................... DD / MM / YYYY

# साइकिल

चले साइकिल यूँ सड़क पर,
खटपट-खटपट, खड़खड़-खड़खड़।
दो पहियों के संग-साथ में,
बिन ईंधन दौड़े धड़-धड़।
सरपट भागे हर सड़क पर,
ऊबड़-खाबड़ पक्का और कच्चा।
साधन है ये बड़ा ही अच्छा,
इसे चलाए बड़ा और बच्चा।

कविता- पूजा सचान



# पाठ-69

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. सड़क पर साइकिल कैसी आवाज करती हैं?

....................................................................................................

2. दो पहियाँ गाड़ियों के नाम लिखो?

....................................................................................................

3. साइकिल कैसे-कैसे रास्तों पर चलती है?

....................................................................................................

....................................................................................................

**अगर आपको साइकिल दे दी जाए तो आप कहाँ-कहाँ जाओगे?**

....................................................................................................

....................................................................................................

....................................................................................................

**इन शब्दों से वाक्य बनाकर लिखो।**

खड़खड़ – ....................................................................

धड़-धड़ – ....................................................................

ऊबड़-खाबड़ – ....................................................................

खटपट – ....................................................................

# प्यारा गोलू



तेज गर्मी के बाद बरसात शुरू हुई। मोनू और सविता अपने घर से बाहर निकले। सविता ने गिलहरी का छोटा-सा बच्चा देखा। दोनों उसे उठाकर ले आए। मोनू बोला, "यह अपनी माँ से बिछड़ गया है"। सविता ने कहा, "अब इसे हम अपने साथ ही रखेंगे"। दोनों ने उसका नाम गोलू रख दिया। गोलू अब घर का सबसे छोटा बच्चा था।



## पाठ-71

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. सविता ने क्या देखा?

......................................................................

2. किसने बच्चे का नाम गोलू रखा?

......................................................................

3. गोलू कहाँ से आया होगा?

......................................................................

**इस कहानी से जुड़े वाक्य पर सही ( ✓ ) का निशान लगाओ।**

1. मोनू और सविता बाहर निकले। ☐
2. बरसात के बाद आँधी आई। ☐
3. एक खरगोश पेड़ के नीचे था। ☐
4. गिलहरी के बच्चे का नाम गोलू रखा गया। ☐

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

छोटा-सा : ......................................................................

बरसात : ......................................................................

बिछड़ना: ......................................................................

**सुनकर लिखो। ( 6-7 शब्दों वाला एक वाक्य )**

......................................................................



DD / MM / YYYY

पढ़ो।

एक दिन की बात है। मेरे मामा साइकिल लेकर मेरे घर आए थे। मामा ने मुझे साइकिल पर बैठाया। साइकिल पर बैठकर मैंने पूरा गाँव घूमा।

खाली स्थान भरो।

1. साइकिल में .................................. होते हैं? (चक्के/इंजन)
2. साइकिल के .................................. चक्के होते है। (दो/तीन)
3. कच्चे रास्तों पर .................................. को आसानी से चलाया जा सकता है। (साइकिल/मोटर साइकिल)
4. साइकिल .................................. चलाते हैं। (बच्चे/पेड़)

बिना ईंधन (पेट्रोल, डीजल आदि) और ईंधन से चलने वाले वाहनों के नाम लिखो।

| ईंधन से चलने वाले वाहन | | बिना ईंधन चलने वाले वाहन | |
|---|---|---|---|
| .............................. | .............................. | .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. | .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. | .............................. | .............................. |

तुम रेलगाड़ी में बैठकर कहाँ-कहाँ जाना चाहोगे?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 32

एक सड़क पर दो घोड़े थे। एक घोड़ा मोटा था। दूसरा घोड़ा पतला था। मोटा घोड़ा आगे चलता था, पतला घोड़ा पीछे। दोनों घोड़े खूब खाते, खूब सोते। लोग उन्हें मोटू-पतलू कहते।

इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. कौन-सा घोड़ा पीछे चलता था? 1
2. लोग घोड़े को क्या कहते थे? 1
3. अगर घोड़े लंबे और छोटे होते तो उनका नाम क्या होता? 1

सुनकर लिखो ( 2 वाक्य : 10 शब्द )

..................................................................................................

..................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

..................................................................................................

# बिल्ली मौसी

बिल्ली मौसी प्यारी मौसी
कौआ मेरा मामा
मौसी पहने फ्राक घाघरा
मामाजी पैजामा

काँव-काँव कौआ जी बोले
म्याऊँ म्याऊँ बिल्ली
कौआ जी कलकत्ता जाएँ
बिल्ली जाए दिल्ली



'एक दो दस' एकलव्य से साभार

# पाठ–74

**कविता को पढ़ो और अपने साथियों के साथ मिलकर गाओ। 'बिल्ली मौसी' के बारे में अन्य कविताएँ भी खोजो, पढ़ो और गाओ।**

बिल्ली मौसी–बिल्ली मौसी
कहो कहाँ से आई हो?
कितने चूहे मारे तुमने?
कितने खाकर आई हो?

मेरी बिल्ली, काली बिल्ली
पानी में हो गई गीली
गीली होकर लगी छींकने
आ छू–आ छू–आ छू...

**कविता में ''बिल्ली को मौसी'' और ''कौआ को मामा'' कहा है। आप इन्हें क्या कहते हो? लिखो।**

1. माँ की बहन – ..........
2. माँ का भाई – ..........
3. पिता की बहन – ..........
4. पिता का भाई – ..........
5. माँ की माँ – ..........
6. माँ के पिता – ..........
7. पिता की माँ – ..........
8. पिता के पिता – ..........



DD / MM / YYYY

# बिल्ली और कुत्ते की दोस्ती



एक गाँव में लूकी नाम की बिल्ली थी। कालू कुत्ता उसका दोस्त था। लूकी और कालू गाँव की गलियों में खेलते थे। एक दिन गाँव में एक सफेद रंग की बिल्ली आ गई। वह बहुत डरी हुई थी। लूकी और कालू ने उसे अपना दोस्त बना लिया। उन्होंने उसका नाम सूकी रख दिया। अब लूकी, सूकी और कालू तीनों साथ रहते हैं।



# पाठ-76

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बिल्ली की दोस्त का क्या नाम था? ..........

2. सफेद बिल्ली को देखकर लूकी और कालू ने क्या किया?

..........

3. सूकी क्यों डरी हुई होगी?

..........

**तुमने कई नए दोस्त बनाए होंगे। अपने तीन सबसे पुराने और तीन सबसे नये दोस्तों के नाम लिखो।**

| पुराने दोस्त | नये दोस्त |
|---|---|
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |

**इन शब्दों को पढ़ो और उदाहरण देखकर किन्हीं दो शब्दों से एक वाक्य बनाओ।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पत्ता | कुत्ता | बिल्ली | दिल्ली | हल्ला |
| बल्ला | सत्तर | दोस्त | रास्ता | सस्ता |

| | |
|---|---|
| सस्ता | बाजार में सेब बहुत सस्ता बिक रहा है। |
| .......... | .......... |
| .......... | .......... |



.......... DD / MM / YYYY

# ठंड और समोसे

आज बहुत ठंड थी। ठंड होने के कारण लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे थे। रिमी और निमी भी घर के अंदर थी। पापा ने आग जलाई और सभी आग के चारों ओर बैठ गए। दादाजी ने कहा, 'कुछ गरम–गरम खाया जाए'। पापा और माँ ने समोसे बनाए। सबने चटनी के साथ गरम समोसे खाए।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. समोसे किसने बनाए? ..................

2. आग के चारों ओर कौन–कौन बैठ गया?

..................

3. तुम ठंड से बचने के लिए क्या–क्या करते हो? एक उपाय लिखो।

..................

..................

**इन शब्दों का उल्टा अर्थ लिखो और उससे वाक्य बनाओ।**

पुराना ⇨ नया ⇨ सीमा के पास नया घर है।

नीचे ⇨ .......... ⇨ ..................

आगे ⇨ .......... ⇨ ..................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 36

रोशन के चाचा की शादी थी। सभी लोग बारात के लिए तैयार हो रहे थे। रोशन ने कोट पैंट पहना था। चाचा के साथ वह भी घोड़ी पर बैठा। शादी में रोशन ने खूब मजे किए।

उत्तर दो।

1. किसकी शादी थी? 1
2. रोशन ने क्या पहना? 1
3. रोशन ने शादी में और क्या-क्या किया होगा? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 10 शब्द )

.....................................................................................................

.....................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

# रेल



सरपट सरपट हर कोई दौड़ा
आँगन दौड़े, घर भी दौड़ा

दौड़ी नदियाँ दौड़े खेत
दौड़ पड़ी सड़कों की रेत

दौड़ रहे गाँव के गाँव
लेकर अपनी ठंडी छाँव

शहरों के सर्कस भी दौड़े
बड़ी इमारत, पुल भी दौड़े

देखो जादू का ये खेल
जादू करती जाती रेल

**कविता- शेफाली शर्मा**

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. इस कविता में कौन-कौन दौड़ लगा रहा हैं?

..........................................................................................................

2. 'रेल' क्या खेल दिखाती है?

..........................................................................................................

3. चलती रेल या बस से बाहर देखने पर क्या-क्या दौड़ते हुए दिखाई देता है?

..........................................................................................................

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

1. सर्कस - ..........................................................................

2. आँगन - ..........................................................................

**'रेलगाड़ी' के बारे में आपको और कौन-कौन सी कविताएँ याद है? उन्हें लिखो और अपने साथियों को सुनाओ।**

- शिक्षक कक्षा में अशोक कुमार का गाया गीत ''रेलगाड़ी छुक-छुक-छुक-छुक'' सुना सकते है।



# चूहा और हाथी

एक मोटा चूहा अकड़कर घूम रहा था। तभी उसे एक हाथी मिला। उसने पहली बार हाथी देखा था। चूहे ने सोचा, इसकी उमर तो तीन-चार सौ साल होगी। तभी इतना बड़ा हो गया। चूहे ने पूछा, तुम कितने साल के हो? हाथी ने बताया- चार महीने। चूहा बोला- चार का तो मैं भी हूँ। पर तबीयत खराब रहती है, इसलिए छोटा रह गया।



# पाठ-81

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. चूहे को कौन मिला? ..............................

2. हाथी कितने महीने का था? ..............................

3. अगर हाथी अपनी उम्र 10 साल बताता तो चूहा क्या बोलता?

..............................

इन शब्दों को पढ़ो और नीचे दिए गए प्रश्नों के जवाब दो।

| | | |
|---|---|---|
| हाथी | चूहा | घोड़ा |
| बंदर | भालू | गधा |
| बैल | कुत्ता | खरगोश |

सबसे बड़ा जानवर कौन है?

..............................

कौन सबसे तेज दौड़ेगा?

..............................

कौन-कौन पेड़ पर चढ़ सकता है?

..............................

इन शब्दों को पढ़ो और सही वाक्य से मिलाओ।

| | |
|---|---|
| मगरमच्छ | घर के अंदर काटता है। |
| मधुमक्खी | पानी में रहता है। |
| मच्छर | पेड़ पर रहती है। |

इन शब्दों को पढ़ो।

| | | | |
|---|---|---|---|
| कसरत | बरसात | आसमान | करामात |
| जादूगर | हकलाना | गिलहरी | दुकानदार |

# तीन चिड़ियाँ

एक पेड़ पर तीन चिड़ियाँ रहती थीं। तीनों चिड़ियों के रंग अलग-अलग थे - नीली, पीली और काली। नीली चिड़िया खेत से दाने चुनकर लाती और सबको खिलाती थी। पीली चिड़िया अंडों की देखभाल करती थी। और काली चिड़िया बच्चों को उड़ना सिखाती थी। तीनों मिलकर साथ-साथ रहती थीं।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. किस-किस रंग की चिड़ियाँ थीं? ..........
2. पीली चिड़िया क्या करती थी? ..........
3. काली चिड़िया क्या करती थी? ..........

**ग्रिड से शब्द बनाओ और लिखो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हा | थी | न | के | ला |
| बा | द | ल | ड़ | का |
| कौ | आ | य | खा | त |
| दा | ल | पा | य | ल |

एक फल ..........

एक जानवर ..........

एक पक्षी ..........

एक खाने की वस्तु ..........

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 41

सरला जगदलपुर घूमने गई। सरला ने वहाँ से बहुत सारा सामान खरीदा। घर आकर उसने भाई को खिलौना दिया। दादी को एक घड़ी दी। दादी को घड़ी पसंद आई। फिर सभी ने साथ में खाना खाया। खाना खाकर सरला खेलने गई।

उत्तर दो।

1. सरला सामान कहाँ से लेकर आई? 1
2. सरला ने अपने भाई और दादी को क्या-क्या दिया? 1
3. जब सरला खेलने गई, तब दादी क्या कर रही होगी? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 10 शब्द )

..................................................

..................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................



# खट्टे अंगूर

अंगूरों की इक बगिया सुंदर।
देख लोमड़ी घुस गई अंदर।।
अंगूरों की देख बहार।
मुँह से टपकी उसके लार।।
बहुत छलाँगें उसने मारी।
ताकत खूब लगाई सारी।।
थककर चूर हुई, वह हारी।
पर अंगूर न पाई बेचारी।।

बेल के ऊपर बैठी मैना।
बोली मदद करूँ क्या? बहिना।।
लोमड़ी तब कुछ तन कर बोली।
मदद चाहिए, मुझे तनिक ना।।
दूर नहीं अंगूर हैं मुझसे।
मारूँ अगर दो चार छलाँगे।।
लेकिन खाए कौन? तुम्हारी।
बगिया के अंगूर ये खट्टे।।

दिगंतर से साभार

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. क्या देखकर लोमड़ी के मुँह में पानी आया?

..........................................................................................

..........................................................................................

2. लोमड़ी ने मैना से मदद क्यों नहीं ली?

..........................................................................................

..........................................................................................

3. तुम्हें क्या-क्या देखकर मुँह में पानी आता है?

..........................................................................................

..........................................................................................

कविता को ध्यान से पढ़ो और इसका एक नया नाम सोचकर लिखो। अब इस कविता से जुड़ा नया चित्र भी बनाओ।

# भालू के बाल



बंदर ने बाल काटने की दुकान खोली। लोग बाल कटवाने आने लगे। भालू ने भी बाल कटाए। वह बाल कटाकर घूमने निकला। एक सियार उसे ठोकर मारकर निकल गया। फिर भालू को कुछ कुत्ते मिले। वे उस पर भौंकने लगे। भालू समझ गया। बाल कटने के कारण कोई उसे पहचान नहीं रहा है। भालू चुपके से अपने घर की ओर निकल गया।



# पाठ-86

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. किसने बाल काटने की दुकान खोली?
2. भालू को किसने ठोकर मारी? ..............................
3. क्या भालू ने दोबारा कभी अपने बाल कटवाए होंगे?

..............................

**इन वाक्यों को पूरा करो।**

बंदर केला खाना चाहता था।

बाजार में ..............................

दादा जी सड़क ..............................

**इन वर्णों और अक्षरों से मिलाकर 5 शब्द बनाओ।**

| | | |
|---|---|---|
| रा | का | ल |
| | सा | |
| त | म | पै |

सात
..............................
..............................

**इन शब्दों के आखिरी वर्ण से शब्द बनाओ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नदी | दीप | | |
| दाग | | | |

लोमड़ी के बारे में 4 बातें लिखो।

जैसे: लोमड़ी बहुत भूखी थी।

1. ........................................................................................................

2. ........................................................................................................

3. ........................................................................................................

4. ........................................................................................................

चित्र देखकर कविता को पूरा करो।

हम तो सो रहे थे।
हमें मुर्गे ने जगाया।
बोला- ''कुकड़ कू!''



हम तो सो रहे थे।
हमें कुत्ते ने जगाया।
बोला -........................................................
हम तो सो रहे थे।
हमें -........................................................
बोली -........................................................



# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 41

आदिल ने किताब की दुकान खोली। उसकी दुकान में बहुत-सी किताबें हैं। लोग दूर-दूर से किताबें लेने आते हैं। दादा जी भी दुकान पर आते हैं। वे आदिल की मदद करते हैं। कभी-कभी दादा जी बच्चों को किताब पढ़कर सुनाते हैं।

उत्तर दो।

1. आदिल ने किसकी दुकान खोली? 1
2. लोग दूर-दूर से क्या लेने आते हैं? 1
3. दादा जी आदिल की क्या मदद करते होंगे? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 12 शब्द )

..........................................................................................................

..........................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................



.......................... DD / MM / YYYY



# तोता

टेमन एक तोते से परेशान था। तोता रोज उसके पेड़ से आम खा जाता था। सुमन ने तोते को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया।



पिंजरे में टमाटर रख दिया। जैसे ही तोता टमाटर खाने आया, पिंजरे में फँस गया। एक बिल्ली ने तोते को देख लिया।

बिल्ली तोते को खाना चाहती थी। उसने जैसे ही पिंजरा खोला, तोता फुर्र से उड़ गया।





# पाठ-89

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. टेमन किससे परेशान था?

..........

2. तोता जब टमाटर खाने गया तो क्या हुआ?

..........

3. क्या तोता फिर से आम खाने वहाँ जाएगा? क्यों?

..........

**नीचे उदाहरण देखकर वाक्य जोड़ो।**

मैंने जैसे ही दरवाजा खोला, बिल्ली भाग गई।

रवि ने जैसे ही किताब उठाई, ..........

पापा ने जैसे ही गाड़ी चालू की, ..........

**ग्रिड से शब्द बनाकर लिखो।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | म | रा | नी | ला | ठी |
| प | रे | शा | न | दा | र |
| तो | ता | ला | ब | क | री |
| स | ला | द | र | वा | जा |

.......... ..........

.......... ..........

.......... ..........

.......... ..........

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

नाराज ⇨ ..........

बेकार ⇨ ..........



.......... DD / MM / YYYY

# जूँ

इल्लम-बिल्लम, झिल्लम झूँ,
काली-काली जूँ! जूँ! जूँ!
बालों में की घुसपैठी,
खून चूसकर हैं बैठी।
मुनिया ने सिर खुजलाया,
उसको तो गुस्सा आया!
गुस्से में फिर कंघी लाई,
अब तो जूँ की शामत आई।

कविता- मेराज रज़ा



# पाठ-91

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. मुनिया के बाल में किसने घुसपैठी की थी?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

2. मुनिया कंघी क्यूँ लाई?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

3. मुनिया को गुस्सा क्यूँ आया?

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**क्या कभी तुम्हारे सिर में जूँ हुई है, अगर हाँ तो फिर तुमने क्या किया?**

..............................................................................................................

..............................................................................................................

..............................................................................................................

**पढ़ो।**

| | |
|---|---|
| इल्लम-बिल्लम | झिल्लम झूँ |
| काली-काली जूँ! जूँ! जूँ! | जूँ! जूँ! जूँ! ने घूसपैठ की |
| मुनिया कंघी लाई | जूँ की शामत आई |

# सफेद चिड़िया

एक सफेद चिड़िया थी। वह रोज एक नए पेड़ पर अपना घोंसला बनाती थी। एक बार उसे एक भी नया पेड़ नहीं मिला। वह खोजते-खोजते थक गई। उसने सोचा, आज घोंसला कहाँ बनाऊँ? वह थककर एक घर के ऊपर बैठ गयी। वहाँ बहुत अच्छी हवा चल रही थी। उसे लगा, यहीं घोसला बना लेते हैं। उसने घर की छत पर ही घोंसला बना लिया।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. सफेद चिड़िया रोज पेड़ पर क्या बनाती थी?

..........................................................................

2. चिड़िया थककर कहाँ बैठ गई?

..........................................................................

3. चिड़िया कहाँ-कहाँ घोंसला बना सकती है?

.............. .............. .............. .............. ..............

**इन वाक्यों को सही क्रम में लगाओ।**

नीरा गई बाजार थी कल ⇨ ..........................................

पानी से घर आओ लेकर ⇨ ..........................................

**वाक्य जोड़ो।**

जैसे ही रात हुई, ..........................................

जैसे ही बारिश हुई, ..........................................

**सुनकर लिखो। ( 7 शब्दों वाला एक वाक्य )**

..........................................................................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। | 42

मीतू फुटबॉल खेलना चाहती थी। मगर घर में कोई खेलने वाला नहीं था। गेंद लेकर वह बाहर निकली। उसकी बकरी सामने खड़ी थी। उसने गेंद बकरी की ओर फेंकी। बकरी ने पैरों से गेंद मारी। बस, मीतू और बकरी फुटबॉल खेलने लगे।

उत्तर दो।

1. मीतू क्या करना चाहती थी? | 1
2. मीतू ने किसकी ओर गेंद फेंकी? | 1
3. बकरी नहीं होती तो मीतू किसके साथ फुटबॉल खेलती? | 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 12 शब्द )

..................................................

..................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

# अभ्यास कार्य



पढ़ो। 20

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बरसात | किनारे | केक | बाइक | साइकिल |
| अचानक | अंदर | गाना | दोस्तों | पहिये |
| खरगोश | चुपचाप | शेरू | पैदल | गिलहरी |
| नेवला | दीवार | स्कूल | पक्का | मौसी |

पढ़ो। 40

जंगल में एक जिराफ रहता था। एक दिन वह बाजार घूमने गया। किसी ने ऐसा जानवर कभी नहीं देखा था। बाजार में सब हैरान हो गए। तभी एक तोता जिराफ के ऊपर आकर बैठ गया। यह देख सब हँसने लगे।

उत्तर दो।

1. जंगल में कौन रहता था? 1
2. एक दिन वह कहाँ चला गया? 1
3. जिराफ पर तोता बैठा, तो सबको हंसी क्यों आई होगी? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 12 शब्द )

..........................................................................................

..........................................................................................

# अभ्यास कार्य



इन वर्णों में मात्रा लगाकर 4-4 शब्द बनाओ।

ध, त, ल, म, ख, द, भ, र, ग, न, छ, स, ज, श, घ, च, थ, प, फ

| ा | ि | ी | ो | े | ु | ृ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... |
| ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... |
| ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... |
| ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... | ............... |

पढ़ो।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पहियों | पैदल | बरसात | चुपचाप | किनारे |
| दीवार | पक्का | अचानक | गिलहरी | दोस्तों |

पढ़ो।

एक बार रीछ ने सबको दावत पर बुलाया। सभी जानवर अपने साथ बहुत सारा सामान लाए। हाथी मीठे गन्ने लेकर आया। खरगोश नरम गाजर लाया। लोमड़ी ने ढोल बजाया। सबने मिलकर दावत में मजे किए।

- शिक्षक अन्य वर्णों में मात्रा लगवाकर नए–नए शब्द बनवाने, पढ़वाने का कार्य दिवस 2, 3, 4, 5 में भी करवाएँ। बच्चों के स्तर अनुसार छोटे पाठ पढ़वाने का अभ्यास भी दें।

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 42

एक बकरी रोज घास चरने जाती थी। एक दिन वह कीचड़ में फँस गई। उसने मदद के लिए पुकारा। गाय ने आवाज सुनी और एक आदमी को बुलाया। आदमी ने बकरी को कीचड़ से बाहर निकाला। बकरी ने दोनों को धन्यवाद कहा।

उत्तर दो।

1. बकरी रोज कहाँ जाती थी? 1
2. बकरी को कीचड़ से किसने निकाला? 1
3. अगर आदमी नहीं आता तो बकरी कैसे निकलती? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 12 शब्द )

..................................................

..................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................

..................................................



........................ DD / MM / YYYY

# घोड़ा झूला झूलने लगा



रमा व मोहन झूला झूल रहे थे। पास ही खड़ा घोड़ा उनको देख रहा था। घोड़े का भी मन झूला-झूलने का हुआ। घोड़ा उनके पास गया और बोला, "क्या आपको मेरी सवारी करनी हैं? लेकिन आपको मुझे पहले झूला-झूलने देना होगा"। रमा व मोहन राजी हो गए। घोड़ा झूला-झूलने लगा। झूला-झूलने के बाद घोड़े ने उनको अपनी पीठ पर बैठाकर सैर करवाई।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. घोड़ा किन्हें देख रहा था?

2. झूला झूलने के बाद घोड़े ने क्या किया?

3. अगर रमा व मोहन घोड़े की बात नहीं मानते तो घोड़ा क्या करता?

**इन शब्दों के बहुवचन (एक से अधिक) बनाओ।**

| | | |
|---|---|---|
| घोड़ा ⇨ घोड़े | बकरा ⇨ | गधा ⇨ |
| लड़का ⇨ | पंखा ⇨ | बच्चा ⇨ |

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

राजी ⇨

सैर ⇨

सवारी ⇨

**इन पहेलियों के लिए शब्द लिखो।**

1. मैं हरा हूँ, हर पेड़ पर रहता हूँ।
2. मेरे पास तीन पंख हैं, हवा लाता हूँ।
3. आसमान में घूमता हूँ, पानी लेकर आता हूँ।

# चालाक बकरी



नीलू नाम की एक बकरी थी। उसका एक बच्चा था। एक दिन बच्चा घूमता-घूमता जंगल की ओर चला गया। बच्चे को एक भेड़िए ने पकड़ लिया। बच्चे को ढूँढती-ढूँढती बकरी वहाँ पहुँच गई। उसने भेड़िए से कहा- ''हमें तो शेर राजा ने बुलाया है। अगर आप इसे खायेंगे तो शेर आपको छोड़ेगा नही''।। इतना सुनते ही भेड़िया वहाँ से भाग लिया। बकरी अपने बच्चे को लेकर घर आ गयी।



**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बच्चा घूमते–घूमते कहाँ चला गया?

..............................................................................................

2. बकरी के बच्चे को किसने पकड़ लिया?

..............................................................................................

3. भेड़िया क्यों भाग गया?

..............................................................................................

**उदाहरण देखकर वाक्य जोड़ो।**

अगर तुम इसे मारोगे ............ तो शेर यहाँ आ जाएगा।

अगर गाड़ी यहाँ आई तो ..............................................

अगर बारिश हुई तो ..............................................

**कौन–किसको पकड़ना चाहेगा।**

| | |
|---|---|
| बिल्ली ...... चूहे ...... को | साँप .............................. को |
| .............................. बकरी को | मकड़ी .............................. को |
| चील .............................. को | .............................. मछली को |

**इन वाक्यों के शब्दों को सही करके लिखो।**

1. बाघ जंगल में अरम कर रहा ह।

..............................................................................................

2. गड़ी सड़क पर खरब हा गई हे।

..............................................................................................



DD / MM / YYYY

**पढ़ो।**

बच्चे खेल रहे थे। एक बूढ़ा आदमी आया। आदमी के पास एक थैला था। उसने बच्चों से कहा, क्या तुम लोग कहानी सुनोगे? सभी बच्चों ने एक साथ कहा– 'हाँ।' बस बूढ़े आदमी ने थैले से एक किताब निकाली और कहानी सुनाना शुरू कर दिया। सभी कहानियाँ मजेदार थीं। किताबों से बच्चे कहानियाँ सुनते रहे और उनके साथ बातें करते रहे।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बूढ़े आदमी के पास क्या था?

..............................................................................................

2. बूढ़े आदमी ने किताब निकालकर क्या किया?

..............................................................................................

3. कहानी सुनने के बाद बूढ़े आदमी और बच्चों ने क्या किया होगा? ..............................................................................................

..............................................................................................

**इन शब्दों के बहुवचन बनाओ।**

ताली ⇨ तालियाँ      बकरी ⇨ ....................      पंखा ⇨ ....................

घड़ी ⇨ ....................      झूला ⇨ ....................      गाड़ी ⇨ ....................

**इन शब्दों से वाक्य बनाओ।**

कहानी ⇨ ..............................................................................................

मैदान ⇨ ..............................................................................................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 48

एक शेर बहुत बीमार था। वह दर्द से कराह रहा था। एक भालू आया और वह शेर का इलाज करने लगा। भालू ने कहा– 'शेर के लिए शहर से दवा लानी होगी।' उसने घोड़े को शहर भेजा। घोड़ा दवा लेकर आया। दवा खाते ही शेर ठीक हो गया।

उत्तर दो।

1. भालू किसका इलाज कर रहा था? 1
2. भालू ने क्या कहा? 1
3. घोड़े को ही शहर क्यों भेजा गया होगा? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 14 शब्द )

..........................................................................................

..........................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................



# बंदर का चश्मा

एक बंदर खाने की तलाश में मकान की छत पर चढ़ा। वहाँ उसे एक चश्मा मिला। चश्मा पहनकर बंदर को सब उल्टा दिखने लगा। बंदर बोला- "अरे! ये क्या, आसमान नीचे और जमीन ऊपर!"

बादलों को नीचे देख बंदर को बहुत मजा आया।

वह छत से बादल पकड़ने के लिए नीचे कूदा और गिरा धड़ाम....। बंदर का चश्मा भी टूटा चटाक....। अब बंदर को न बादल दिखे और न आसमान!



# पाठ–99

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. बंदर के चश्मा पहनने के बाद क्या हुआ? ..........................................

....................................................................................................

2. बंदर किसे पकड़ने के लिए नीचे कूदा? ..........................................

....................................................................................................

3. क्या बंदर बादल पकड़ सकता था? क्यों?

....................................................................................................

....................................................................................................

**इन वाक्यों में कई शब्द गलत आ गए हैं। उन्हें पहचानो और उनकी जगह पर कोई दूसरा शब्द लिखो।**

| | |
|---|---|
| हाथी ने पेड़ (कस) दिया। | हिला |
| बंटी की दादी पहाड़ पढ़ रही है। | .................... |
| मेरी घड़ी अमीर हो गई है। | .................... |
| पेड़ पर पानी चल रहा है। | .................... |

**आसमान और ज़मीन पर दिखने वाली चीजों के नाम लिखो।**

आसमान पर < .................... / ....................

जमीन पर < .................... / ....................



........................ DD / MM / YYYY



# बरसात का मौसम

बरसात का मौसम था। गली के बच्चे सोनू के घर खेल रहे थे। तभी बरसात भी शुरू हो गई। बच्चों ने खेलना बंद कर दिया और बरसात के पानी से खेलने लगे।



उन्हें मज़ा आ रहा था। सोनू का कुत्ता भी उनके साथ खेल रहा था। तभी सबको ''टर्र-टर्र'' की आवाज सुनाई दी। कुत्ता ''टर्र- टर्र'' की आवाज से चौंक गया। उसे दो मेंढक दिखे। वह उनको पकड़ने के लिए दौड़ा। कुत्ते को देखकर मेंढकों ने पानी में छलांग लगा दी। बच्चों को यह देखकर बड़ा मजा आया। कुत्ता फिर भी मेंढक की खोज में था।

# पाठ-101

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. गली के बच्चों ने खेलना क्यों बंद कर दिया?

..........................................................................................

2. 'टर्र-टर्र' की आवाज से कौन चौंक गया?

..........................................................................................

3. कुत्ते ने मेंढकों के जाने के बाद क्या किया होगा?

..........................................................................................

मेंढक 'टर्र-टर्र' की आवाज निकालता है। नीचे दिए गए जानवर कैसी आवाज निकालते हैं? लिखो।

बिल्ली ⇨ ..............................  कुत्ता ⇨ ..............................

बकरी ⇨ ..............................  गाय ⇨ ..............................

तुम्हें बारिश कैसी लगती है? जब बारिश होती है तो तुम क्या-क्या करते हो?

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

तुम्हें कौन-सा मौसम सबसे ज्यादा अच्छा लगता है? और क्यों?

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

# गधे की इच्छा

एक दिन गधे का मन मीठा खाने का हुआ। गधे ने दोस्तों से कुछ मीठा खाने को माँगा। भालू ने कहा- 'शहद खा लो'। गधे ने मना कर दिया। हाथी ने कहा- 'गन्ने खा लो'। गधे ने मना कर दिया। गिलहरी ने कहा- 'आम खा लो'। गधे ने मना कर दिया। बिल्ली ने कहा- 'हलवाई की दुकान पर चलें'। गधे ने कहा- 'हाँ, जल्दी चलो'।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. गधे ने दोस्तों से क्या खाने को माँगा?

.......................................................................................................

2. बिल्ली ने गधे से क्या कहा?

.......................................................................................................

3. गधा हलवाई की दुकान पर जाने को क्यों तैयार हो गया था? उसे कौन-सी मिठाई खानी होगी?

.......................................................................................................

**इन शब्दों को पढ़ो और इनका बहुवचन बनाओ।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बच्चा | ............ | बिल्ली | ............ | कुत्ता | ............ |
| कहानी | ............ | पंखा | ............ | पत्ता | ............ |

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 46

गाँव में एक आदमी आया। आदमी के साथ भालू था। भालू नाचने लगा। नाच देखकर बच्चे खुश हो गए। तभी भालू का पैर मुड़ गया। उसने नाचना बंद कर दिया। अब आदमी नाचने लगा। बच्चे भी उछलकर नाचने लगे। अब भालू और बच्चे दोनों खुश हो गए।

उत्तर दो।

1. बच्चे क्यों खुश हो गए थे? 1
2. भालू ने नाचना बंद क्यों कर दिया? 1
3. अगर आदमी नहीं नाचता तो क्या होता? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 14 शब्द )

..........................................................................................

..........................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................



# कौए की भूख

एक कौए को बहुत तेज भूख लगी। वह उड़ते - उड़ते एक आम के पेड़ पर जा बैठा। पेड़ पर आम लगे हुए थे। पेड़ पर आमों के बीच एक पीला गुब्बारा भी अटका हुआ था।



कौए को उन आमों के बीच लटका हुआ गुब्बारा एक मोटे आम जैसा लगा।

जैसे ही कौए ने खाने के लिए उस गुब्बारे में चोंच मारी, वह फूट गया-फटाक....। कौआ डर कर उड़ गया। वह जंगल की ओर निकल गया।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. कौआ उड़ते-उड़ते कहाँ जा बैठा? ................................................
2. कौए को क्या आम जैसा लगा? ................................................
3. कौआ क्यों उड़ कर जंगल की ओर गया होगा?

................................................................................................

**कौए ने पीले रंग के गुब्बारे को मोटा आम समझ लिया। अगर गुब्बारे का रंग लाल होता तो उसे वह क्या-क्या समझ सकता था?**

| ............ | ............ | ............ | ............ | ............ |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

**अपने दोस्त से मनपसंद कहानी सुनो। उसके बारे में ये बातें लिखो।**

1. कहानी का नाम ................................................
2. कहानी के मुख्य पात्रों के नाम ................................................
3. कहानी के अंत में क्या हुआ? ................................................

................................................................................................

4. तुम्हें यह कहानी क्यों पसंद आई? ................................................

................................................................................................

**सुनकर लिखो। ( 5 शब्दों वाले दो वाक्य )**

................................................................................................

# गुड़िया की बिल्ली



गुड़िया के घर में एक बिल्ली रहती थी। एक दिन वह चुपके से सारा दूध पी गई।

माँ बोली- "हाय रे! यह बिल्ली सारा दूधपी गई"।

गुड़िया बोली- "माँ, तोक्या हुआ, दूध ही तो है"।

एक दिन बिल्ली ने गुड़िया के भाई की किताब फाड़ दी।

भाई बोला- "हाय रे! बिल्ली ने मेरी किताब फाड़ दी"।



गुड़िया बोली- "तो क्या हुआ, किताब ही तो है"। तब, एक दिन बिल्ली ने गुड़िया की गुड़िया तोड़ दी।

गुड़िया बोली- "मम्मी, मेरी गुड़िया!" मम्मी और भाई ज़ोर से हँसे और बोले- "तो क्या हुआ, गुड़िया ही तो है"।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. गुड़िया के घर में कौन रहती थी? ..........

2. जब बिल्ली ने किताब फाड़ दी तो, गुड़िया ने क्या कहा?

..........

3. बिल्ली घर में और क्या-क्या नुकसान कर सकती थी?

..........

**इन वाक्यों को पढ़ो और जो सही है उसके आगे ( ✓ ) लगाओ।**

1. बिल्ली दूध पी गई। ☐
2. बिल्ली ने गुड़िया की किताब फाड़ दी। ☐
3. मम्मी और भाई जोर से हँसे। ☐

**बिल्ली ने दूध पिया। सोचो, अगर घर में खरगोश होता तो वह क्या खाता और क्या पीता?**

..........

..........

2-3 **वाक्य जोड़कर कहानी आगे बढ़ाओ।**

रात में अचानक एक आवाज आई। हम सब दौड़े तो पता चला कि ..........

..........

..........

# आरव की कहानी

आरव तालाब के किनारे बैठे-बैठे कहानी की क़िताब पढ़ रहा था। अचानक उसने तालाब में एक मछली देखी। उस मछली की पूँछ नीली थी, उसकी आँखे भी नीली थी। आरव ने मछली से कहा- नीली मछली तुम बहुत सुंदर हो, क्या तुम एक कहानी सुनोगी? मछली ने आरव से कहा- हाँ, जरूर। नीली मछली आजकल रोज आरव से कहानी सुनती हैं।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. आरव तालाब के किनारे बैठकर क्या-क्या कर रहा था?

....................................................................................................

2. नीली मछली को कहानी कौन सुनाता हैं?

....................................................................................................

3. आरव ने नीली मछली को कहानी सुनाई। आपको कौन-कौन कहानी सुनाता हैं ?

....................................................................................................

**नीचे लिखे शब्दों को पढ़ों और इन शब्दों का उपयोग कर एक-एक वाक्य बनाओ।**

| | |
|---|---|
| कछुआ | ........................................ |
| तालाब | ........................................ |
| कहानी | ........................................ |


........................ DD / MM / YYYY

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 53

एक नदी थी। नदी के किनारे एक पेड़ था। पेड़ पर चिड़िया का घोंसला था। एक बार जोर से बारिश आई। बारिश से बचने के लिए बंदर पेड़ पर आ बैठा। बंदर को पेड़ पर देख चिड़िया उससे बातें करने लगी। अब वे दोनों अच्छे दोस्त बन गए। दोनों साथ-साथ रहने लगे।

उत्तर दो।

1. चिड़िया का घोंसला कहाँ था? 1
2. बंदर पेड़ पर क्यों आ बैठा? 1
3. पेड़ पर कौन-कौन से जानवर रहते हैं? नाम लिखो। 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 14 शब्द )

..............................................................................................

..............................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

..............................................................................................

# जादुई बीज



माँ ने राशिद को सेब लेने भेजा। रास्ते में एक लड़का जादुई बीज बेच रहा था। उसने राशिद से कहा- "तुम जो भी फल चाहो, इन बीजों से मिल जाएगा"। राशिद ने उससे बीज खरीद लिये।

वापस आने पर उससे माँ ने पूछा- "यह क्या लाए हो?" राशिद ने जैसे ही हाथ आगे किया, माँ ने गुस्से से कहा- "इनसे कौन-से सेब उग आएँगे"। माँ ने बीज बाहर फेंक दिये। देखते ही देखते वहाँ सेबों से लदा एक पेड़ उग गया। राशिद और माँ दोनों हैरान रह गए।



प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. माँ ने राशिद को क्या लाने भेजा था?

..........................................................................

2. राशिद की माँ को गुस्सा क्यों आया?

..........................................................................

3. अगर तुम्हें कोई जादुई बीज दे, तो तुम उससे कौन-सा पेड़ बनाओगे?

..........................................................................

..........................................................................

अगर तुम बाजार जाओगे, तो किसके लिए क्या-क्या खरीदकर लाओगे? यहाँ लिखो।

1. अपने दोस्तों के लिए .................... ....................
2. अपने शिक्षक के लिए .................... ....................
3. अपने परिवार के लिए .................... ....................
4. अपने प्रिय जानवर के लिए .................... ....................

ग्रिड से शब्द निकालकर वाक्य बनाओ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| आज | राधा | घर | में |
| रविवार | मैं | बड़ा | जा |
| नयी | बीमार | नहीं | रहा |
| कार | आओ | हूँ | है |

आज रविवार है।

..........................................................................

..........................................................................

..........................................................................



# चीकू और मीकू

चीकू और मीकू गिलहरी साथ में रहती थीं। चीकू मीकू का सारा खाना खा जाती। इसलिए मीकू बहुत परेशान रहती। चीकू खाना खा-खा कर बहुत मोटी हो गई। वह इतनी मोटी हो गई कि उससे चला भी नहीं जाता था।

एक दिन चीकू को ज़ोर से भूख लगी। वह चूहे के बिल में खाना ढूँढने गई और फँस गई। मीकू दौड़ कर गई और चीकू को खींच कर बाहर निकाला। तब से उनकी दोस्ती गहरी हो गई। अब वे मिलकर खाना खाने लगीं।



# पाठ-111

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. चीकू क्या करती थी?

...............................................

2. चीकू चूहे के बिल में क्यों फँस गई?

...............................................

3. अगर मीकू चीकू को बाहर नहीं निकालती तो क्या होता?

...............................................

उदाहरण देकर एक से अनेक शब्द बनाओ।

एक गिलहरी : पाँच गिलहरियाँ — एक चूहा : दो ..............

एक लड़की : तीन .............. — एक बक्सा : पाँच ..............

एक मछली : दस .............. — एक लड़का : तीन ..............

चूहा बिल में रहता है। तुम बताओ, ये कहाँ रहते हैं-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कौआ | .............. | मछली | .............. | गिलहरी | .............. |
| मगरमच्छ | .............. | चिड़िया | .............. | साँप | .............. |

इन वाक्यों को पूरा करो।

1. वह इतना मोटा हो गया कि **उससे चला नहीं जाता था।**
2. आज इतनी तेज हवा चली कि ..............................
3. सीमा इतनी डर गई कि ..............................



DD / MM / YYYY

# बंदर के फूल

दीपक के घर रोज एक बंदर आता था। बंदर रोज एक फूल लाकर दीपक को देता था। दीपक उसे कुछ न कुछ खाने को देता। कभी बिस्कुट, कभी केला, कभी मिठाई। एक दिन बंदर को कोई फूल नहीं मिला। वह सोचने लगा, अगर फूल ना मिला तो आज कुछ खाने को नहीं मिलेगा। बंदर उदास होकर बैठा था। तभी उसने दीपक को आते देखा। दीपक खाने की चीजें लेकर आया था।

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. दीपक बंदर को खाने के लिए क्या-क्या देता था?

.......................................................................

2. बंदर क्या सोचने लगा?

.......................................................................

3. बंदर अगर फूल नहीं देगा, तब भी क्या दीपक बंदर को खाना देता रहेगा? हाँ या नहीं, यदि हाँ तो क्यों?

.......................................................................

**इन वाक्यों के शब्दों को सही करके लिखो।**

मेर घर में एक बिल आती है

.......................................................................

यह दरवज टूट चका है

.......................................................................

# मैंने सीख लिया

**पढ़ो।** 53

एक बिल्ली सड़क पर बैठी थी। तभी एक रिक्शा आया। बिल्ली उस पर बैठ गई। रिक्शे से वह बाजार घूमने जा पहुँची। वहाँ भीड़ देखकर वह डर गई। उसे अपने घर की याद आ रही थी। उसने इधर-उधर देखा। दूर से एक रिक्शा आ रहा था। वह रिक्शे से वापस आ गई।

**उत्तर दो।**

1. बिल्ली किस पर बैठ गई? 1
2. बिल्ली क्यों डर गई? 1
3. बिल्ली वापस क्यों आ गई होगी? 1

**सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 14 शब्द )**

................................................................................................

................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

## अभ्यास कार्य

................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

................................................................................................

# सड़क सुरक्षा




सड़क पर चलने के नियमों को हमेशा याद रखना चाहिए। ट्रैफिक सिग्नल पर लगी लाइटों का अर्थ समझना बहुत जरूरी है। लाल का अर्थ है सभी वाहन सिग्नल पर रुक जाएँ। पीली लाइट का अर्थ है आगे बढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ। हरी लाइट का अर्थ है सभी वाहन आगे बढ़ जाएँ। सड़क पार करने के लिए हमेशा जेबरा क्रासिंग का प्रयोग करें। ट्रैफिक सिग्नल पर जेबरा क्रासिंग का सिग्नल दिखे तभी सड़क पार करें। सड़क पार करते समय दौड़ें नहीं। पैदल चलने के लिए हमेशा फुटपाथ वाला रास्ता अपनाएँ।

# पाठ-114

**प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. सिग्नल पर हरी लाइट का क्या अर्थ होता है?

..........................................................................................

2. सिग्नल पर पीली लाइट का क्या अर्थ होता है?

..........................................................................................

3. सिग्नल पर सड़क कहाँ से पार करना चाहिए?

..........................................................................................

**सही जोड़ी बनाओ।**

| | |
|---|---|
| लाल लाइट | सड़क पार करने के लिए |
| पीली लाइट | पैदल चलने के लिए |
| हरी लाइट | आगे बढ़ने के लिए तैयार हो जाएँ |
| फुटपाथ | सिग्नल पर रुक जाएँ |
| जेब्रा क्रासिंग | सिग्नल पर आगे बढ़े |

**पढ़ो।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैफिक | जेबरा | फुटपाथ | सड़क | पीली |
| सिग्नल | क्रासिंग | वाहन | लाल | हरी |

इन संकेतों को पहचानो।



रेलवे क्रासिंग




रुकना



स्कूल क्रासिंग



प्राथमिक चिकित्सा



दाएँ मुड़ना



बाएँ मुड़ना

पढ़ो।

गाड़ी धीमी गति से चलाएँ।
सिग्नल पर ट्रैफिक लाइट का पालन करें।
हेलमेट लगा कर ही दो पहिया गाड़ी चलाएँ।
गाड़ी पर पीछे बैठा व्यक्ति भी हेलमेट पहने।
सीट बैल्ट पहन कर ही कार चलाएँ।
बिना लाइसेंस गाड़ी न चलाएँ।
सड़क पार करते समय जेबरा क्रासिंग का प्रयोग करें।
सड़क पार करते समय दाईं और बाईं ओर जरूर देखें।

## पाठ-116

इन संकेतों को तुमने कहाँ-कहाँ देखा है बताओ।











इन ट्रैफिक लाइटों में अर्थ के आधार पर रंग भरो।



ठहरिए।

चलने को तैयार हों।

चलें।

# सड़क-सुरक्षा - जीवन रक्षा

सड़क सुरक्षा के नियमों को हम सभी को अपनाना है।
चलें सड़क पर जब भी हम, बाईं ओर ही चलना है।
सिग्नल पर हो जब लाइट लाल, तब रुक जाना है।
सिग्नल पर हो जब लाइट पीली,
तब खुद को तैयार हो जाना है।
सिग्नल पर हो जब लाइट हरी, तब आगे बढ़ जाना है।

**वाक्य पूरा करो।**

1. सिग्नल पर हो जब लाइट .................................... तब रुक जाना है।
2. सिग्नल पर हो जब लाइट .................................... तब तैयार हो जाना है।
3. सिग्नल पर हो जब लाइट .................................... तब आगे बढ़ जाना है।

**सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 16 शब्द )**

..................................................................................................

..................................................................................................

# मैंने सीख लिया

पढ़ो। 68

रीना के पास एक लाल गेंद थी। उसने गेंद आसमान में उछाली और उसे पकड़ने भागी। गेंद कहीं गुम गई। रीना को गेंद नहीं मिली। वह उदास हो गई। तभी एक कुत्ता वहाँ आया। उसके मुँह में गेंद थी। गेंद देखकर रीना खुश हो गई। कुत्ते ने गेंद रीना को दे दी। अब कुत्ता और रीना गेंद से खेलने लगे। इतना खेले कि लाल गेंद काली हो गई।

उत्तर दो।

1. रीना की गेंद कौन लाया? 1
2. कुत्ते ने गेंद रीना को ही क्यों दी होगी? 1
3. अगर गेंद नहीं मिलती तो क्या होता? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 16 शब्द )

.....................................................................................................

.....................................................................................................

शिक्षक आकलन के आधार पर बच्चों को दो समूहों में बाँटकर अभ्यास कार्य करवाएँ।

अभ्यास कार्य

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

.....................................................................................................

चित्र देखकर 5 वाक्य लिखो।



..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

इन वर्णों में मात्रा लगाकर 4-4 शब्द बनाओ।

| क, ग, घ, ज, फ | प, ह, ध, न, स |
|---|---|
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ |

चित्र देखकर कहानी लिखो।



..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

पढ़ो। 95

एक दिन एक भैंस और गाय आटे की 'मिल' में घुस गई। 'मिल' में अँधेरा था। दोनों को कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। उन्हें बाहर आने का रास्ता भी नहीं दिख रहा था। वे दोनों बहुत सी चीजों से टकराईं। बहुत मुश्किल से उन्हें बाहर का रास्ता मिला। जब दोनों बाहर निकलीं तो सफेद हो चुकी थीं। किसी को समझ नहीं आ रहा था कि गाय कौन-सी है? और भैंस कौन-सी है? तब मुनिया बाल्टी में पानी भरकर लाई और दोनों के ऊपर डाल दिया। सभी गाँव वालों ने भैंस और गाय को पहचान लिया।

उत्तर दो।

1. भैंस और गाय कहाँ घुस गई? 1
2. उन्हें बाहर आने का रास्ता क्यों नहीं दिख रहा था? 1
3. बाल्टी में पानी भरकर कौन लाई? 1

सुनकर लिखो। ( 2 वाक्य : 10 शब्द )

.............................................................

.............................................................

.............................................................

.............................................................

# पठन अभ्यास और प्रवाह पूर्ण पठन

» सप्ताह 5 से 24 तक एक पाठ दो दिन के लिए पठन अभ्यास के लिए दें। सप्ताह 11 से प्रवाहपूर्ण पठन अभ्यास का आकलन करें।

» प्रवाहपूर्ण पठन आकलन के लिए अपने पास मोबाइल, पेंसिल और अभ्यास पुस्तिका की एक प्रति रख लें। मोबाइल में 1 मिनट का टाइमर लगा लें।

» एक बच्चे को अपने पास बुलाएँ और उसे अपनी प्रति से उस दिन का पाठ पढ़ने को कहें।

» बच्चे की अभ्यास पुस्तिका अपने पास रख लें क्योंकि उसी में आपको रिकॉर्ड करना है।

» बच्चा जैसे ही पढ़ने लगता है, आप उसके सही और गलत पढ़े गए शब्दों को गौर से सुनें।

» जब बच्चा किसी शब्द को गलत पढ़ता है तो उस शब्द के नीचे लाइन खींच दें। अगर उसी शब्द को वह सही पढ़ लेता है तो उसे फिर छोड़ दें।

» जब एक मिनट हो जाए तो अंतिम पढ़े गए शब्द पर ']' का निशान लगा दें। अब इस निशान तक सही पढ़े गए शब्दों को सुनकर 'सही पढ़े गए शब्दों की संख्या' वाले बॉक्स में लिखें।

» साथ ही, बच्चों के स्तर के लिए किसी एक बॉक्स में निम्नलिखित मापदंड के अनुसार सही (✓) का निशान लगाएँ।

| | |
|---|---|
| **स्तर 1** | नहीं पढ़ पाया या अधिकतम 5 शब्द पढ़ता हो। |
| **स्तर 2** | वर्ण/अक्षरों को जोड़-जोड़कर शब्द पढ़ता हो। |
| **स्तर 3** | शब्द-दर-शब्द पढ़ रहा हो, वाक्य पर ध्यान नहीं है। |
| **स्तर 4** | वाक्य को वाक्य की तरह पढ़ रहा हो। |

» उस बच्चे के प्रवाहपूर्ण आकलन की जानकारी शिक्षक संदर्शिका में दिए गए पत्रक में दर्ज करें।

» फिर अन्य बच्चों को बुलाएँ। उनके साथ भी यही प्रक्रिया दोहराएँ।

**ध्यान रखने योग्य बातें:**

» यहाँ यह ध्यान रखना जरूरी है कि इस प्रक्रिया में बच्चों को हतोत्साहित ना किया जाए।

» जिन बच्चों द्वारा प्रति मिनट सही पढ़े गए शब्दों की संख्या कम है, शिक्षक उन बच्चों के पढ़ने के दौरान हो रही गलतियों की प्रकृति पर गौर करें। शिक्षक इन गलतियों के बारे में बच्चों से बात कर उन्हें सही पढ़ने के मौके दे सकते हैं।

## पठन अभ्यास-1

सप्ताह-5 दिवस-1-2

हमारे खेत मे इमली का पेड़ है। पर मुझे खट्टा पसंद नहीं। मैं आम खाने बेला के खेत में जाती हूँ ।

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-2

सप्ताह-5 दिवस-3-4

सड़क पर भीड़ रहती है। लोग आते-जाते रहते हैं। कौन कहाँ जा रहा है, किसी को पता नहीं रहता है।

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-3

सप्ताह-6 दिवस-1-2

बाघ कभी-कभी दहाड़ता है। बाघ दहाड़ता है तो पंछी डर जाते है। पंछी डर जाते है तो उसे अच्छा नहीं लगता है।

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-4

सप्ताह-6 दिवस-3-4

पापा को चश्मा लगा है। कई बार वो चश्मा पहनकर चश्मा ढूँढते रहते हैं। मम्मी से पूछते है तो पता चलता है। चश्मा तो पहन रखा है।

दिनांक________ हस्ताक्षर________



........................ DD / MM / YYYY

## पठन अभ्यास-5

सप्ताह-7 दिवस-1-2

बरसात का मौसम था। मीरा के खेत में चने लगे थे। एक दिन उसके घर उसकी सहेली नीरा आई। मीरा खेत से चने लाई। उसने नीरा को चने सेंककर खिलाए।

दिनांक______________ हस्ताक्षर ______________

## पठन अभ्यास-6

सप्ताह-7 दिवस-3-4

रीना और टीना अपने दादाजी के साथ मेला देखने गए। मेले में मदारी, जादूगर और सरकस वाले थे। मेले में सबने बहुत मजे किये। फिर दादाजी ने मिठाई भी खरीदी।

दिनांक______________ हस्ताक्षर ______________

## पठन अभ्यास-7

सप्ताह-8 दिवस-1-2

एक सफेद भेड़ हमेशा गाँव में घूमती रहती। एक दिन उसके ऊपर किसी ने रंगीन पानी डाल दिया। उसके बाल रंगीन हो गए। अब लोग उसे रंगीन भेड़ कहने लगे।

दिनांक______________ हस्ताक्षर ______________

## पठन अभ्यास-8

सप्ताह-8 | दिवस-3-4

झुमरी की दादी का जन्मदिन आया। झुमरी ने अपने दोस्तों को बुलाया। सभी दोस्त तोहफे लेकर आए। एक दोस्त तोहफे में गोल चश्मा लेकर आई। दादी को चश्मा पसंद आया।

दिनांक__________ हस्ताक्षर__________

## पठन अभ्यास-9

सप्ताह-9 | दिवस-1-2

कई दिनों से बरसात नहीं हो रही थी। फसल सूखने लगी। एक दिन आसमान में बादल गरजे। कुछ देर बाद बारिश की बूँदें पड़ने लगीं। बूँदें गिरते ही लोग खुशी से झूम उठे।

दिनांक__________ हस्ताक्षर__________

## पठन अभ्यास-10

सप्ताह-9 | दिवस-3-4

बरखा भिलाई से रामपुर घूमने आई। वह अपनी सहेली बीना के यहाँ रुकी। बीना ने उसे बाजरे की रोटी और चटनी खाने को दी। बाद में, बीना ने उसे गुड़ भी खाने को दिया।

दिनांक__________ हस्ताक्षर__________

## पठन अभ्यास-11

सप्ताह-10 | दिवस-1-2

बरखा को तितलियाँ बहुत पसंद हैं। वह तितलियों का पीछा करती है। कभी-कभी उनकी तरह उड़ना भी चाहती है। मगर उसे पता है कि वह उड़ नहीं सकती। क्योंकि उसके पंख नहीं हैं।

दिनांक__________ हस्ताक्षर __________

## पठन अभ्यास-12

सप्ताह-10 | दिवस-3-4

एक बंदर लाल पजामा पहनकर बाजार घूमने निकला। बाजार में सभी उसे देखने लगे। एक बच्चे ने बंदर को कुछ केले खाने को दिए। बंदर केले खाकर नाचने लगा। बंदर ऐसा नाचा कि सभी झूम उठे।

दिनांक__________ हस्ताक्षर __________

## पठन अभ्यास-13

सप्ताह-11 | दिवस-1-2

पवन माँ के साथ ननिहाल जा रहा था। उसने कभी रेलगाड़ी नहीं देखी थी। वे स्टेशन पहुँचे। रेलगाड़ी स्टेशन पर रुकी और दोनों उसमें बैठ गए। कुछ समय बाद वे ननिहाल पहुँच गए। पवन खुश था।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 36 |

60 सेकण्ड

दिनांक__________ हस्ताक्षर __________



DD / MM / YYYY

## पठन अभ्यास-14

सप्ताह-11 | दिवस-3-4

एक चूहा बाजार गया। बाजार में बिल्ली लड्डू बेच रही थी। चूहा वहाँ से भागने ही वाला था कि बिल्ली बोली- "चूहे, तुम डरो मत। बिल्ली ने चूहे को एक लड्डू दिया। चूहा लड्डू लेकर भाग निकला।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 37 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-15

सप्ताह-12 | दिवस-1-2

भिलाई में बहुत तेज बारिश हुई। सब जगह पानी ही पानी हो गया। अमर और पूजा छत पर खड़े थे। दोनों ने पानी में एक साँप तैरते देखा। पूजा और अमर ने पहली बार साँप देखा था।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 37 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-16

सप्ताह-12 | दिवस-3-4

पेड़ और बादल दोस्त थे। एक बार बहुत तेज हवा चली और पेड़ के सारे पत्ते गिर गए। बादल ने सोचा, "क्यों न मैं पेड़ की मदद करूँ?" बादल बरसने लगा। धीरे-धीरे पेड़ फिर से हरा-भरा हो गया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 40 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-17

सप्ताह-14 दिवस-1-2

आज सुबह पापा की घड़ी कहीं नहीं मिल रही थी। उन्होंने अलमारी और मेज पर भी देखा पर घड़ी नहीं मिली। पापा ने सबसे घड़ी के बारे में पूछा। सब मिलकर घड़ी खोजने लगे। बिस्तर के नीचे घड़ी रखी हुई मिली।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 41 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________

## पठन अभ्यास-18

सप्ताह-14 दिवस-3-4

मोहन और रवि दशहरे के मेले में घूमने गए। उन्होंने मेले में झूले, खिलौने और मिठाई की दुकानें देखीं। रवि और मोहन मेले में झूला झूलने लगे। झूलने के बाद उन्होंने गुलाब जामुन खाए। गुलाब जामुन गरम थे जिससे उनकी जीभ जल गई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 43 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________

## पठन अभ्यास-19

सप्ताह-15 | दिवस-1-2

एक बार शेर और हाथी ने क्रिकेट मैच देखा। मैच देखने के बाद हाथी और शेर ने भी क्रिकेट खेलने का सोचा। भालू गेंद और बल्ला ले आया। वे रोजाना मिलकर खेलने लगे। धीरे-धीरे जंगल के सभी जानवर रोज क्रिकेट खेलने लगे।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 43 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________

## पठन अभ्यास-20

सप्ताह-15 | दिवस-3-4

रीना और मीना खेल रहीं थीं। उन्होंने वहाँ एक गिलहरी देखी। गिलहरी के पैर में चोट लगी थी। उसके पैर से खून निकल रहा था। रीना ने गिलहरी को उठाया। मीना ने उसके पैर पर दवाई लगाई। अब गिलहरी धीरे-धीरे चलने लगी।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 43 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________

## पठन अभ्यास-21

सप्ताह-16 | दिवस-1-2

गाँव के तालाब में कई मेंढक रहते हैं। बरसात के दिनों में वे बहुत खुश रहते हैं। दिनभर कीड़े-मकोड़े खाते हैं और रात होते ही खूब गाना गाते हैं। उनके इस गाने को हम टर्राना कहते हैं। बरसात के दिनों में सारे मेंढक टर्राते हैं।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 46 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-22

सप्ताह-16 | दिवस-3-4

पेड़ पर मकड़ी का जाला था। एक दिन एक तितली जाले में आकर फँस गई। तितली रोने लगी और मकड़ी से बोली- "मेरी मदद करो!" मकड़ी ने कोशिश की, मगर जाला नहीं हटा। वह हाथी को बुला लाई। हाथी ने फूँक मारी और तितली निकल गई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 46 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-23

सप्ताह-17 | दिवस-1-2

रोहित के घर की छत पर एक पतंग आकर गिरी। पतंग देखकर वह इशिता को बुला लाया। वे दोनों पतंग उड़ाने के लिए चरखी और डोर ले आये। इशिता ने पतंग की डोर पकड़ी और रोहित ने चरखी। रोहित और इशिता ने देर तक पतंग उड़ाई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 47 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________

## पठन अभ्यास-24

सप्ताह-17 | दिवस-3-4

आज मुन्नू चूहे की शादी मुन्नी चुहिया से हो रही है। उनकी शादी बनिए की दुकान में है। सभी रिश्तेदार दुकान के बाहर आ चुके हैं। अब तो बस बनिए की दुकान बंद होने का इंतज़ार है, ताकि मुन्नू की शादी का पूरा आनंद लिया जा सके।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 47 |

60 सेकण्ड

दिनांक____________ हस्ताक्षर ____________



........................ DD / MM / YYYY

## पठन अभ्यास-25

सप्ताह-18 | दिवस-1-2

होली आने ही वाली थी। मोनू अपनी माँ के साथ पिचकारी लेने बाजार गया। उसकी माँ ने उसे और उसकी बहन के लिए नीले रंग की पिचकारी खरीदी। मोनू ने गुलाल भी खरीदा। होली के दिन दोनों ने रंगों से घर में रंगोली बनाई और खूब होली खेली।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 48 |

60 सेकण्ड

दिनांक________________ हस्ताक्षर ________________

## पठन अभ्यास-26

सप्ताह-18 | दिवस-3-4

आज पवन के मामा आने वाले थे। वह सुबह जल्दी उठा। खीर के लिए दूध लेने बाजार गया। तभी उसकी नजर एक दुकान पर पड़ी। वहाँ गरमा-गरम जलेबी बन रही थी। जलेबी देखकर उसके मुँह में पानी आ गया। पवन दूध के साथ जलेबी भी घर ले आया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 49 |

60 सेकण्ड

दिनांक________________ हस्ताक्षर ________________



........................ DD / MM / YYYY

## पठन अभ्यास-27

सप्ताह-19 | दिवस-1-2

शेर ने सभी जानवरों को अपने जन्मदिन पर बुलाया। सभी जानवर शेर के लिए तोहफे लाए। हाथी सूँड में मिठाई भरकर लाया, भालू शहद लाया। बंदर मामा पजामा पहन कर सभी को मिठाई बाँट रहे थे। खाने के बाद चूहे ने गाना सुनाया। लोमड़ी ने गिटार बजाया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 50 |

60 सेकण्ड

दिनांक_______________ हस्ताक्षर _______________

## पठन अभ्यास-28

सप्ताह-19 | दिवस-3-4

शाम के समय बादल गरज रहे थे। सब बच्चे घर से निकल आए और बारिश में खेलने लगे। रमन कागज की नाव पानी में चलाने लगा। कमला भी वहीं थी, लेकिन उससे नाव बन ही नहीं रही थी। रानी ने कमला के लिए नाव बनाई। कमला ने भी नाव चलाई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 50 |

60 सेकण्ड

दिनांक_______________ हस्ताक्षर _______________

## पठन अभ्यास-29

सप्ताह-21 दिवस-1-2

परी घर में पढ़ाई कर रही थी। मिक्कू कुत्ता उसके घर के बाहर आकर भौं-भौं करने लगा। कुत्ते की आवाज सुनकर परी घर से बाहर आई। परी को लगा कि मिक्कू भूखा है। उसने मिक्कू को रोटी दिखाई। मिक्कू अपनी पूँछ हिलाने लगा और परी के पास आ गया। मिक्कू ने वह रोटी खाई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 55 |

60 सेकण्ड

दिनांक______________ हस्ताक्षर______________

## पठन अभ्यास-30

सप्ताह-21 दिवस-3-4

मोहनपुर गाँव में नदी के किनारे एक स्कूल था। नसीर और नरेश भी उसी स्कूल में पढ़ते थे। एक दिन वे दोनों नदी में नहाने लगे। नदी में पानी तेज बह रहा था। अचानक वे दोनों डूबने लगे तो चिल्लाए- ''बचाओ!, बचाओ!'' सीमा यह सब देख रही थी। उसने नदी में छलांग लगाई और दोनों को बचा लिया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 58 |

60 सेकण्ड

दिनांक______________ हस्ताक्षर______________

## पठन अभ्यास-31

सप्ताह-22 | दिवस-1-2

एक चींटी घूमकर आ रही थी। उसे रास्ते में एक बड़ा लड्डू मिला। लड्डू देखकर वह खुश हो गई। उसने अपने दोस्तों को बुलाया। सभी चींटियाँ दोस्त वहाँ आ गई। उसी समय एक बंदर आया। चींटियों को लगा, अब बंदर लड्डू ले लेगा। सभी चींटियाँ लड्डू पर चढ़ गईं। लड्डू छिप गया और बंदर लड्डू को नहीं देख पाया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 59 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-32

सप्ताह-22 | दिवस-3-4

एक बाग में सेब का पेड़ था। एक बंदर रोज वहाँ आता और पेड़ पर चढ़कर उसे खूब हिलाता। पेड़ से सेब और पत्ते नीचे गिर जाते। पेड़ बहुत परेशान होता। एक दिन पेड़ ने उसे मजा चखाने की सोची। अगले दिन बंदर जब पेड़ पर चढ़ा, पेड़ ने अपनी डाली जोर से हिला दी। बंदर फिसल कर नीचे गिर गया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 61 |

60 सेकण्ड

दिनांक________ हस्ताक्षर________

## पठन अभ्यास-33

सप्ताह-23 दिवस-1-2

चारू कल पिकनिक पर जाने वाली थी। वह अपने बैग में सामान रख रही थी। उसने बैग में खाने-पीने का सामान रखा। साथ में कहानी की किताब भी रखी। फिर सोचने लगी, "और क्या रखूँ?" यह सोचते-सोचते वह सो गई। जब नींद खुली तो सुबह हो चुकी थी। वह झट से तैयार हुई और पिकनिक के लिए निकल गई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 62 |

60 सेकण्ड

दिनांक__________ हस्ताक्षर __________

## पठन अभ्यास-34

सप्ताह-23 दिवस-3-4

एक साल बारिश नहीं हो रही थी। सभी पक्षी परेशान थे। पक्षियों ने एक सभा बुलाई। उस सभा में उल्लू ने कहा, "लोग कहते हैं कि मेंढक-मेंढकी की शादी करवाने से बारिश होती है"। सभी पक्षियों ने मेंढक को पूरी बात बताई। मेंढक शादी के लिए राजी हो गया। एक मेंढकी से उसकी शादी करवाई गई। मगर फिर भी बारिश नहीं हुई।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 63 |

60 सेकण्ड

दिनांक__________ हस्ताक्षर __________

## पठन अभ्यास-35

सप्ताह-24 | दिवस-1-2

मालती सोई हुई थी। एक मक्खी उड़ती हुई उसके पास आई। मालती ने उसे भगाया, लेकिन कुछ देर बाद वह उसकी नाक पर फिर आकर बैठ गई। मालती ने इस बार जोर से अपनी नाक पर मारा। लेकिन मक्खी उड़ गई। मक्खी फिर उसके गाल पर जा बैठी। इस बार मालती ने जोर का तमाचा अपने गाल पर दे मारा। मक्खी फिर उड़ गयी।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 64 |

60 सेकण्ड

दिनांक__________ हस्ताक्षर__________

## पठन अभ्यास-36

सप्ताह-24 | दिवस-3-4

एक बार एक बंदर को जुकाम हो गया। बंदर की नाक लाल हो गई थी। उसका पड़ोसी खरगोश आया। खरगोश बंदर को लेकर भालू हकीम के पास दवाई लेने गया। भालू ने उन्हें नीम के पत्ते लाने को कहा। खरगोश नीम के पत्ते तोड़ लाया। भालू ने बंदर के लिए नीम के पत्तों से दवा बनाई और बंदर को खिलाई। बंदर दवा खाकर ठीक हो गया।

| पठन स्तर | | | | सही पढ़े गए शब्दों की संख्या | कुल शब्द |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तर 1 | स्तर 2 | स्तर 3 | स्तर 4 | | |
| | | | | | 67 |

60 सेकण्ड

दिनांक__________ हस्ताक्षर__________

- 24 सप्ताह से पठन अभ्यास के लिए पुस्तकालय की किताबों और पाठ्यपुस्तक के सरल पाठों का उपयोग करें।

# मेरा सफर

प्रत्येक दिन का कार्यपत्रक पूरा होने के बाद बच्चों को इस ट्रैकर पर क्रमशः सही (✓) का निशान लगाने को कहें।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सप्ताह 1 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| सप्ताह 2 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| सप्ताह 3 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | |
| सप्ताह 4 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | |
| सप्ताह 5 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | |
| सप्ताह 6 | 28 | 29 | 30 | 31 | 32 | |
| सप्ताह 7 | 33 | 34 | 35 | 36 | 37 | |
| सप्ताह 8 | 38 | 39 | 40 | 41 | 42 | |
| सप्ताह 9 | 43 | 44 | 45 | 46 | 47 | |
| सप्ताह 10 | 48 | 49 | 50 | 51 | 52 | |
| सप्ताह 11 | 53 | 54 | 55 | 56 | 57 | |
| सप्ताह 12 | 58 | 59 | 60 | 61 | 62 | |
| सप्ताह 13 | सावधिक पुनरावृत्ति | | | | | |
| सप्ताह 14 | 63 | 64 | 65 | 66 | 67 | |
| सप्ताह 15 | 68 | 69 | 70 | 71 | 72 | |
| सप्ताह 16 | 73 | 74 | 75 | 76 | 77 | |
| सप्ताह 17 | 78 | 79 | 80 | 81 | 82 | |
| सप्ताह 18 | 83 | 84 | 85 | 86 | 87 | |
| सप्ताह 19 | 88 | 89 | 90 | 91 | 92 | |
| सप्ताह 20 | सावधिक पुनरावृत्ति | | | | | |
| सप्ताह 21 | 93 | 94 | 95 | 96 | 97 | |
| सप्ताह 22 | 98 | 99 | 100 | 101 | 102 | |
| सप्ताह 23 | 103 | 104 | 105 | 106 | 107 | |
| सप्ताह 24 | 108 | 109 | 110 | 111 | 112 | |
| सप्ताह 25 | 113 | 114 | 115 | 116 | 117 | |
| सप्ताह 26 | पुनरावृत्ति अभ्यास | | | | | |





राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, रायपुर, छत्तीसगढ़